हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



## खबर संक्षेप

### मंडल रेल प्रबंधक ने ली रेलवे कर्मचारी संगठन की बैठक



**बिलासपुर।** बिलासपुर मंडल ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों की बैठक 30 मार्च को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन ने की। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक जे एस मीना सहित सभी शाखाधिकारी तथा ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे कर्मचारी संगठन बिलासपुर मंडल के अध्यक्ष शिवमंगल, जोनल सचिव प्रभात पासवान एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान एससी/एसटी रेलवे कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर रचनात्मक एवं सकारात्मक चर्चा की गई। इनमें पेंशन, पदोन्नति, स्थानांतरण, आवास की आवश्यकताएं एवं बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विषय शामिल थे। मंडल रेल प्रबंधक श्री रंजन ने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। साथ ही उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि कर्मचारियों के हितों, कल्याण एवं कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए विभाग निरंतर प्रतिबद्ध है और इसी भावना के साथ संवाद व सहभागिता की यह प्रक्रिया भविष्य में भी जारी रहेगी।

### संयुक्त संचालक अभियोजन पाण्डेय को सेवानिवृत्ति पर आईजी ने दी विदाई



**बिलासपुर।** पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में पदस्थ संयुक्त संचालक अभियोजन (बिलासपुर संभाग) माखन लाल पाण्डेय 30 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आईजी राम गोपाल गर्ग के सानिध्य में संपन्न हुआ। जिसमें संयुक्त संचालक अभियोजन श्री पाण्डेय, उप संचालक कंचन पाटिल एवं पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान आईजी श्री गर्ग ने श्री पाण्डेय के कुशल कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें श्रीफल, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्री पाण्डेय फरवरी 2023 से 30 मार्च 2026 तक बिलासपुर संभाग में संयुक्त संचालक अभियोजन के पद पर पदस्थ होकर न्याय प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर आईजी श्री गर्ग ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनके स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसपर उप पुलिस अधीक्षक (बिलासपुर रेंज) विवेक शर्मा, निरीक्षक अशोक वैष्णव, निरीक्षक धनेश्वरी दुबे, उपनिरीक्षक रामकुमार पटेल, शंकर कश्यप, संग्राम सिंह,संदीप ठाकुर, रेखा जायसवाल, संजय रावत आदि मौजूद थे।

### माहेश्वरी महिला मंडल की नीलम अध्यक्ष, पूजा बनी सचिव




**बिलासपुर।** स्थानीय माहेश्वरी महिला मंडल की आगामी तीन वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसमें अध्यक्ष नीलम डागा को बनाया गया है। वहीं सचिव पूजा टावरी, कोषाध्यक्ष शीला मालपानी, उपाध्यक्ष मीना सोमानी को बनाया गया है। इसके अलावा मंडल की संरक्षक सरोज राठीका चयन किया गया। इस नई कार्यकारिणी के आने से समाज के विकास के लिए नई योजनाए क्रियान्वित करेगी।

### एनएचएआई के अधिकारियों ने सीखे ब्लैक स्पॉट पहचानने के गुर

**बिलासपुर।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की परियोजना कार्यान्वयन इकाई द्वारा सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस दौरान कार्यशाला में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, ब्लैक-स्पॉट्स की पहचान करने एवं उनके उपचार एवं रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्याशाला में रोड सेफ्टी विशेषज्ञ प्रदीप कुमार लाल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यशाला में एनएचएआई के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय अधिकारी श्री लाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए रोड साइनेज, स्पीड मैनेजमेंट, उचित लेन मार्किंग और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। एनएचएआई हाईवे सुरक्षा को बेहतर बनाने, दुर्घटनाओं में कमी लाने और ब्लैक-स्पॉट्स सुधार कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। तकनीकी सत्र के दौरान रोड सेफ्टी विशेषज्ञ श्री विवेक सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर ब्लैक-स्पॉट्स की पहचान और उनके समाधान से जुड़ी विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तरीके से ब्लैक-स्पॉट्स विश्लेषण और समयबद्ध सुधार कार्य सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होते हैं।

### इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र नई दिल्ली में डॉ.आंचल ने दी प्रस्तुति

**बिलासपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय केंद्र नई दिल्ली और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र दिल्ली के सभागार में



आयोजित दसवां राष्ट्रीय जनजाति लोक कला संस्कृति महोत्सव का आयोजन 25 एवं 26 मार्च को किया गया। जिसका उद्घाटन केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उंइके ने किया। समारोह में डॉ.आंचल श्रीवास्तव सह. प्राध्यापक हिंदी विभाग डॉ.सी. व्ही.रमन विश्वविद्यालय कोटा बिलासपुर में जनजातीय नायक और भारत का स्वतंत्रता आंदोलन : संदर्भ छत्तीसगढ़ पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने सन 1857 में वीर नारायण सिंह द्वारा किए गए विद्रोह तथा वीर गुंडाधुर द्वारा सन 1909 में किए गए विद्रोह तथा कमला माझी द्वारा किए गए विद्रोह की जानकारी देते हुए यह स्पष्ट किया कि सभ्य समाज के बहुत पहले आदिवासियों ने मुस्लिम एवं अंग्रेजी शासन के विरुद्ध स्वतंत्रता संग्राम प्रारंभ कर दिया किंतु इतिहास में इन विद्रोहों की उपेक्षा की गई। डॉ.श्रीवास्तव ने कहा कि आज भूले बिसरे आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम के संबंध में शोध कार्य कर, उसे लिपिबद्ध करना आवश्यक है।

---

**रेलवे सेफ्टी योजना** — रेल सुरंगों में संरक्षा एवं परिचालन दक्षता को मिलेगा नया आयाम

# भनवारटंक स्टेशन पर अत्याधुनिक टनल संचार प्रणाली की सफल शुरुआत

**बिलासपुर।** रेलवे संरक्षा एवं संचार अवसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रेलवे महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के कुशल निर्देशन एवं प्रोत्साहन में भनवारटंक स्टेशन पर अत्याधुनिक टनल कम्युनिकेशन सिस्टम की सफलतापूर्वक स्थापना एवं कमीशनिंग की गई है।

इस आधुनिक प्रणाली के माध्यम से स्टेशन तथा अप एवं डाउन दोनों सुरंग खंडों के बीच निर्बाध एवं सतत संचार स्थापित हो गया है, जिससे ट्रेन संचालन एवं रखरखाव कार्यों में समन्वय और अधिक प्रभावी होगा। उन्होंनें बताया कि यह प्रणाली उन्नत वीएचएफ (वेरी हाई फ्रिक्वेंसी) तकनीक पर आधारित है, जो कठिन सुरंग वातावरण में भी विश्वसनीय संचार सुनिश्चित करती है, जहां पारंपरिक संचार माध्यम अक्सर बाधित हो जाते हैं। आधुनिक ऑप्टिकल ट्रांसमिशन तकनीक एवं रेडियो फ्रीक्वेंसी वितरण के समन्वय से यह प्रणाली सुरंग की पूरी लंबाई में सुदृढ़ सिग्नल कवरेज करती है।




### ऑप्टिकल रिमोट यूनिट्स से जुड़ी तकनीक

महाप्रबंधक ने बताया कि प्रणाली के केंद्र में स्टेशन पर स्थापित ऑप्टिकल मास्टर यूनिट (ओएमयू) है, जो सुरंगों में लगाए गए ऑप्टिकल रिमोट यूनिट्स (ओआरयू) से जुड़ी हुई है। ये इकाइयां रेडियो सिग्नलों को ऑप्टिकल सिग्नलों में परिवर्तित कर फाइबर नेटवर्क के माध्यम से संचारित करती हैं। पुनः उन्हें रेडियो सिग्नल में बदलकर सुरंग के भीतर प्रसारित करती हैं। वहीं लीकी केबल के उपयोग से सुरंग के भीतर निरंतर सिग्नल उपलब्ध रहता है, जिससे हैंडहेल्ड वीएचएफ रेडियो के माध्यम से कर्मचारियों को निर्बाध संचार सुविधा प्राप्त होती है।

### ट्रेन संचालन की समग्र दक्षता को भी बढ़ाएगी

रेलवे महाप्रबंधक ने बताया कि परीक्षणों में सुरंग की संपूर्ण लंबाई में स्पष्ट एवं प्रभावी संचार की पुष्टि हुई। यह प्रणाली 146–163 मेगाहर्ट्ज वीएचएफ बैंड पर कार्य करती है, जिससे यह रेलवे के मानक संचार उपकरणों के साथ पूर्णतः अनुकूल है। साथ ही मॉनिटरिंग सॉफ्टवेयर के माध्यम से दूरस्थ निगरानी एवं त्वरित दोष निदान की सुविधा भी उपलब्ध है। यह प्रणाली आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के साथ-साथ ट्रेन संचालन की समग्र दक्षता को भी बढ़ाएगी।

### ग्राउंडिंग एवं सिस्टम सुरक्षा पर विशेष ध्यान

उन्होंने बताया कि स्थापना कार्य के दौरान ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क बिछाना, एंटीना स्थापना, सुरंगों में रिमोट यूनिट्स का संयोजन तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु यूपीएस सिस्टम की व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को अत्यंत सावधानीपूर्वक एवं योजनाबद्ध तरीके से पूरा किया गया। दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए ग्राउंडिंग एवं सिस्टम सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। कमीशनिंग के दौरान ऑप्टिकल लिंक का परीक्षण, सिग्नल गुणवत्ता की जांच, प्रणाली के विभिन्न मानकों का कॉन्फ़िगरेशन तथा बैकअप पावर एवं अलार्म मॉनिटरिंग की व्यापक जांच की गई।

---

शाम से रात 10 बजे तक रहती है जबरदस्त भीड़

# शराब दुकानों के सामने जाम, गार्ड पर लाखों खर्च फिर भी स्थिति जस की तस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं लिया सबक

करोड़ों का राजस्व वसूलने वाला आबकारी विभाग आम लोगों के लिए मुसीबत साबित हो रहा है। सड़कों के किनारे खोले गए शराब दुकानों में पार्किंग तक नहीं है, ऐसे में शराब खरीदने वाले सीधे सड़क पर गाड़ियां खड़ी करते हैं, जिससे हर आने व जाने वालों को मुसीबत हो रही है, लेकिन विभाग का अमला सोया हुआ है, अधिकारियों को आम लोगों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। सड़कों पर लगने वाले जाम को हटाने के लिए ट्रैफिक पुलिस भी कार्रवाई नहीं करती।

शहर के व्यस्तम सड़कों पर खोले गए शराब दुकानें के सामने रोजाना शाम के समय आम लोगों का निकलना मुश्किल हो चुका है। जिले में 30 से अधिक शराब दुकानें हैं, ज्यादातर तक शराब दुकानें शहरी क्षेत्र में ही हैं और मदिरा प्रेमियों की सहूलियत को देखते हुए सड़कों के किनारे दुकान और चखना सेंटर खोला गया है। जहां शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक भारी भीड़ जुटती है। जाम छलकाने वाले ज्यादातर लोगों की बाइक और कारें सड़क पर पार्क की जाती है। यातायात नियमों को धत्ता बताकर करीब साल भर से यह स्थिति बनी हुई है, लेकिन एसी चैंबर में बैठे अधिकारियों को आम लोगों को होने वाली समस्या से कोई सरोकार नहीं है, यही कारण है कि गार्ड पर लाखों रूपए खर्च करने वाले विभाग के पास पार्किंग सुधारने की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है।

खास बात यह है कि यहां गार्ड की ड्यूटी रात 9 बजे के बाद लगाई जाती है, वहीं गार्डों के द्वारा पार्किंग की व्यवस्था को देखने के बजाए काउंटर के बाहर बैठे दिखाई देते है।



शनिचरी बाजार स्थित शराब दुकान के सामने सड़क पर लगती है जाम।



व्यापार विहार मुख्य मार्ग शराब दुकान के सामने लगता है जाम।

### रोजाना होती है झड़प

मंगला, शनिचरी बाजार, रिंग रोड और व्यापार विहार जैसे शराब दुकानों में रोजाना झड़प होती है। यहां से निकलना आम आदमी के लिए काफी मुश्किल भरा होता है। खास बात यह है कि इस बारे में पिछले साल हाईकोर्ट ने भी संज्ञान लिया था, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने खानापूर्ति कार्रवाई कर मामले को रफादफा कर दिया था, लेकिन साल भर बाद स्थिति जस की तस हो चुकी है।

### यातायात विभाग भी नहीं करता कार्रवाई

जहां शराब दुकानों के सामने बेतरतीबी से दोपहिया व चार पहिया वाहन खड़े किए जाते हैं, वहीं यातायात विभाग द्वारा ऐसे वाहनों पर कार्रवाई भी नहीं की जाती है। दरअसल विभाग द्वारा रोजाना सड़क पर खड़ी वाहनों को टोचन कर चालानी कार्रवाई की जाती है, लेकिन शराब दुकानों के आगे खड़े वाहनों को उठाने की फुर्सत यातायात विभाग को नहीं होती है। यही कारण है कि सड़कों पर जाम लगता है और आम आदमी मूक दर्शक बना रहता है।

### कार्रवाई की जाएगी

सड़क पर गाड़ी खड़ा करना सही नहीं है, आला अधिकारियों ने आबकारी विभाग से बात की थी, कुछ दुकानें हटाई भी जानी थी, संज्ञान में लेकर रोजाना कार्रवाई की जाएगी।

-रामगोपाल करिहारे
एडिशनल एसपी,
यातायात विभाग

---

# एयू में लॉ के स्टूडेंट्स ने दिया धरना, हंगामा



**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार आफिस में सोमवार को लॉ के स्टूडेंट्स द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा मचाया गया। ये छात्र-छात्राएं विधि संकाय विषम सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में अनियमितताओं को लेकर विरोध करने पहुंचे थे और काफी देर तक रजिस्ट्रार तार्णिश गौतम की उपस्थिति में उनके आफिस में नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन किए।

इन छात्रों द्वारा यह आरोप लगाया गया कि यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करने में गंभीर लापरवाही बरती गई है, जिसके कारण अनेक विषयों में छात्रों को एक समान अंक दिए गए हैं। कई छात्र-छात्राओं को परीक्षा में उपस्थित होने के वावजूद अनुपस्थित दर्शा दिया गया है जो कि छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय है। अटल यूनिवर्सिटी में धरना प्रदर्शन करने वाले डीपी विप्र लॉ कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा यह मांग रखी गई कि सभी प्रभावित विद्यार्थियों के लिए निः शुल्क पुनर्मूल्यांकन कराया जाए और परीक्षा परिणाम में दिए गए समान अंकों की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

उनका कहना है कि पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारंभ की जाए साथ ही जिन छात्र-छात्राओं को उपस्थित होने के बावजूद अनुपस्थित दर्शाया गया है, उनके परिणामों में तत्काल सुधार किया जाए। इसी तरह पूर्व में जमा पुनर्मूल्यांकन शुल्क वापस किया जाए और कम अंक प्राप्त 240 से कम किन्तु किसी विषय में 36 अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए प्रायोगिक परीक्षा आयोजित की जाए। इन मांगों को लेकर छात्र-छात्राएं आज अटल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार आफिस पहुंचे और जमीन पर धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। काफी देर तक रजिस्ट्रार आफिस में हंगामा मचा रहा और छात्र नारेबाजी धरना प्रदर्शन करते रहे, उसके बाद रजिस्ट्रार तार्णिश गौतम ने छात्रों की बातों को गंभीरता से सूना और पुनर्मूल्यांकन कराए जाने का आश्वासन दिया गया।

### प्रदर्शन शामिल छात्र

अटल यूनिवर्सिटी में आज धरना प्रदर्शन दौरान डीपी लॉ कालेज के अखिलेश, महे, भूपेन्द्र, विक्की, लव, संजय, चन्द्रेश, आदित्य, सुजल, अवनीश, सुनील, राहुल, आकांक्षा, योगिता, आर्यन, सोलजा, प्रकाश, नितेश, हिमांशी, आकांक्षा, रितु, पूजा, ममता, सुदेश्वर, हेमलता, फागुराम, गौतम, राहुल, अभिशा, अमित, साहिल, अंकिता, टिकेश्वर, भूपेन्द्र, राजेश्वरी, योगेश, राजेश, खुलेश्वर, अजीत, राधानी, प्रतिभा, देविका, आर्यन, बलराम, निलेश, केशव, अभिषेक, सिमरन, खुशबू, सक्षम, भारती, सुखम, राजीव, हरिशंकर, लक्ष्मीप्रसाद, आशीष, मयंक, सोमेश आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

---

# एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में शपथ ग्रहण



**बिलासपुर।** भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन (भोपाल सर्किल) बिलासपुर यूनिट की बैठक 29 मार्च को आई एम ए भवन बिलासपुर में आयोजित की गई। जिसमें 135 सदस्यों ने भाग लिया। वरिष्ठ पेंशनर्स एन के जैन ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथग्रहण कराया। निर्वाचित पदाधिकारियों का विधिवत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अगले विविध चरणों में दिवंगत सदस्यों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई तथा नए सदस्यों का स्वागत एवं पिछली बैठक से इस बैठक तक जन्मदिन वाले सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम को वरिष्ठ सलाहकार आर पी शुक्ला, उपाध्यक्ष आजाद वर्मा एवं सचिव मिहिर नाग ने संबोधित किया। वृत्त सहायक सचिव योगेश तिवारी ने बैंक द्वारा पेंशनर्स के लिए तैयार की गई स्वास्थ्य बीमा की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं आग्रह किया कि बैंक पेंशनर्स इसका लाभ अवश्य उठाएं। विशिष्ट अतिथि एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक शेखर प्रेम ने 75 वर्ष की आयु वाले पेंशनर्स सदस्यों को सम्मानित किया। एसोसिएशन के बिलासपुर इकाई के अध्यक्ष जमील अहमद ने बैंक पेंशनर्स के पेंशन पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की प्रगति की जानकारी दी। तापस हाजरा ने साझा संकलन कविता संग्रह भेंट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभात बैनर्जी, वी के श्रीवास्तव, आर के सन्नाला, पी के गुप्ता, अशोक जज्ञासी, एमी श्रीवास्तव, रणजीत टिग्गा, पी के मजुमदार, मेहर प्रसाद आदि का सहयोग रहा।

# पंचायतों में ग्रामीणों से भराई जा रही प्रापर्टी की जानकारी




**बिलासपुर।** ग्राम पंचायतों के पास ग्रामीणों के मकान, दुकान जैसे अचल संपत्तियों की अपडेटेड जानकारी नहीं है। इसलिए पंचायतों द्वारा एक फार्म बांटकर ग्रामीणों से उनके अचल संपत्ति मकान की जानकारी मांगी जा रही है। ग्राम पंचायतों में आनलाइन टैक्स की दृष्टि से यह कवायद की जा रही है।

ग्राम पंचायतों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा कराने की दिशा में काम चल रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ग्राम पंचायतों में भी नगरीय निकायों की तरह आनलाइन प्रापर्टी टैक्स लेने का पहल किया जा रहा है। शासन के समर्थ पोर्टल के माध्यम से ग्रामीण भी आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा कर सकेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रापर्टी टैक्स भुगतान की सुविधा शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शिता बढ़ेगी और टैक्स वसूली की प्रक्रिया सरल, त्वरित व भरोसमंद होगी तथा सरपंच या सचिव टैक्स वसूली में फर्जीवाड़ा नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा लोगों को ग्राम पंचायत कार्यालय के चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा और वे अपने मोबाइल, कंप्यूटर एवं अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र या सीएससी के माध्यम से आसानी से आनलाइन टैक्स का भुगतान कर सकेंगे। इसके लिए अचल संपत्तियों का डिजिटल रिकार्ड तैयार किया जा रहा है, जिससे टैक्स निर्धारण में स्पष्टता आएगी। पोर्टल पर लॉगिन कर ग्रामीण अपनी प्रापर्टी का विवरण देख सकेंगे तथा देय की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। इसी तरह आनलाइन टैक्स भुगतान की रसीद भी डाउनलोड कर सकते हैं। चूंकि ग्राम पंचायतों के पास सालों पुरानी जानकारी पड़ी है इसलिए कई पंचायतों में ग्रामीणों को फार्म बांटकर उनके मकानों की एरिया और लागत आदि की जानकारी मांगी जा रही है।

---

एसएसपी ने बताई रक्षित आरक्षी केंद्र की उपयोगिता

# मुख्यमंत्री ने किया नवनिर्मित रक्षित आरक्षी केंद्र का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 29 मार्च को शहर आगमन के अवसर पर नव निर्मित रक्षित आरक्षी केंद्र का लोकार्पण किया। एसएसपी रजनेश सिंह के प्रयास से जिला पुलिस को कई महत्वपूर्ण कार्यालय व भवन निर्माण किया जा रहा है।

एसएसपी श्री सिंह ने बताया कि रक्षित आरक्षी केंद्र नवीन भवन से सभी शाखा व्यवस्थित और सुरक्षित संचालित किया जा सकेगा। जिला पुलिस बिलासपुर प्रदेश का दूसरा बड़ा और महत्वपूर्ण जिला होने के बावजूद भी कई कार्यालय, थाना चौकी पुराने और जर्जर भवनों में संचालित हो रही थी। पूर्व से संचालित सभी शासकीय कार्यालयों अंग्रेज शासन काल के बने हुए होने के कारण जर्जर हालत थी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवनिर्मित रक्षित आरक्षी केंद्र कार्यालय भवन का लोकार्पण 29 मार्च को किया। जो जिला पुलिस बिलासपुर के कार्य एवं आधारभूत संरचना को मजबूत सुविधाजनक और सुरक्षा को और मजबूती प्रदान करेगी। एसएसपी श्री सिंह के प्रयास से रक्षित आरक्षी केंद्र, शहीद स्मारक, किशोर बालक अनुसंधान इकाई कार्यालय का निर्माण पूर्ण किया जा चुका, साथ साथ निर्माणाधीन भवन-पुलिस अधीक्षक कार्यालय, थाना पचपेड़ी जो कुछ ही दिनों में निर्माण पूर्ण हो जाएगा। चौकी केंदा, पुलिस अनुविभागी अधिकारी कोटा, पुलिस अनुविभागी अधिकारी बिलासपुर आवास एवं 110 क्वाटर और सामुदायिक भवन पुलिस जवानों और अधिकारियों को मिलें हैं जो जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।




एसएसपी श्री सिंह ने बताया कि रक्षित केंद्र के विभिन्न शाखा से सभी संसाधन, सुरक्षा सामग्री, वाहन व ईंधन, ड्यूटी के लिए आवश्यक उपकरण, साज सज्जा, वर्दी वेशभूषा और आर्म्स एम्युनेशन आदि की व्यवस्था और नियंत्रण करने महत्वपूर्ण इकाई है। पुलिस विभाग में समस्त कल्याणकारी गतिविधियों जो पुलिस जवान और पुलिस परिवार (परिजन )के कल्याण हेतु आवश्यक सेवाओं का संचालन किया जाता है।

---

# चौकसे कॉलेज में मशीन लर्निंग पर वर्कशॉप



**एजुकेशन प्लस**

**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर साइंस और एआई विभाग द्वारा छात्र छात्राओ के लिए एआई और मशीन लर्निंग पर तीन दिवसीय वर्कशॉप 'हँड्स ऑन आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग एप्लीकेशन यूसिंग नोटबुक आयोजित किया गया। जो कि छात्र छात्राओ के लिए भविष्य की स्किल्स सीखने का एक शानदार अवसर रहा।

यह ट्रेनिंग प्रोग्राम एसएन टेक्नोलॉजी भोपाल के साथ आयोजित किया गया जिसमे रिसोर्स परसन के रूप में डॉ परेश रावत, डायरेक्टर एसएन टेक्नोलॉजी भोपाल थे। जिन्होंने विद्यार्थियों को आने वाले भविष्य में एआई और मशीन लर्निंग कि उपयोगिता समझाते हुए विभिन्न प्रैक्टिकलस के माध्यम से विद्याथियो के विभिन्न संशयो का जवाब दिया। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम इस तरह डिजाइन किया गया था कि छात्रों को थ्योरी के साथ साथ प्रैक्टिकल का अनुभव भी मिले एआई और एमएल का परिचय जिसमे बुनियादी कॉन्सेप्ट्स और आज की दुनिया में इसकी उपयोगिता। रिसोर्स परसन ने पहले दिन छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग लेने से छात्रों को प्रोजेक्ट्स बनाने और कंपनियों के इंटरव्यू क्रैक करने में काफी मदद मिलेगी। यह पहल न केवल उनके तकनीकी ज्ञान को बढ़ाएगी बल्कि उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार करेगी। इस वर्कशॉप का आयोजन कंप्यूटर साइंस और एआई विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ शानू राकेश कुट्टन तथा प्राचार्य डॉ नितिन जैन के मार्गदर्शन पर किया गया।

तापमान
अधिकतम 40.4 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026


अरपा जलकुम्भी से पटी।



## खबर संक्षेप

### सीएमडी चौक पर हनुमान जन्मोत्सव 2 को

**बिलासपुर।** सीएमडी चौक दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि भगवान श्री हनुमान के भोग प्रसाद में अपना पूर्ण समर्पण देने एवं भोग प्रसाद ग्रहण करने वृहद भंडारा भोग प्रसाद का आयोजन किया गया है। आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। मंदिर प्रबंधन ने अधिक से अधिक भक्तों से इस कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करने का अनुरोध किया गया है।

### उजड़ गया आदर्श थाना चकरभाठा का गार्डन



**बिलासपुर।** देखरेख के अभाव में महज चार साल में आदर्श थाना चकरभाठा का शानदार गार्डन उजड़ गया है। गार्डन में घास उग गई है और लाइट बंद हो गई, बच्चो के खेलने के लिए लगाए गए झूले, बैठने के लिए बनाई गई सीमेंट की कुर्सियां टूट गई हैं। न्यायधानी के चकरभाठा व हिर्री को आदर्श थाना बनाने के लिए शासन की ओर राशि स्वीकृत की गई थी। वर्ष 2022 में तत्कालीन एसपी पारूल माथुर के निर्देश पर लाखों रुपए खर्च कर चकरभाठा व हिर्री थाने के सामने शानदार गार्डन बनाया गया था। हाईकोर्ट व एयरपोर्ट होने के कारण चकरभाठा थाना में शानदार गार्डन के साथ लाइटिंग की गई थी, साथ ही एलीडी लगाई गई थी। गार्डन के चारों ओर घास, फूल पौधे, बच्चों के खेलने के लिए झूले, फिसलपिट्टी व लोगों के बैठने के लिए सीमेंट की कुर्सी लगाई गई थी। प्रवेश द्वार से थाना तक झंडा लगाया गया था। आदर्श थाने बनाने का उद्देश्य यह था कि प्रदेश के दूसरे जिले व दूसरे प्रदेश के लोग जिले में प्रवेश करें तो जिले के थाने शानदार दिखाई दें। उद्घाटन के बाद चकरभाठा थाना मुख्य मार्ग से शानदार नजर आ रहा था। समय पर समय पर थानेदार बदलते गए और अब देखरेख के आभाव ने शानदार गार्डन उजड़ गया है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती, दावा आपत्ति 4 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा अंतर्गत वार्ड क्रमांक 43 के आंगनबाड़ी केंद्र देवरीखुर्द 4 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की पदपूर्ति पदोन्नति प्रक्रिया के तहत की जानी है। पदपूर्ति के लिए अंतिम मूल्यांकन पत्र जारी किया गया है। दावा आपत्ति 4 अप्रैल तक सप्रमाण कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### एक्स-रे टेक्नीशियन की होगी भर्ती

**बिलासपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान 100 दिवसीय अंतर्गत जीवनदीप समिति के तहत एक्स-रे टेक्नीशियन की भर्ती की जानी है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से 7 दिवस के भीतर आवेदन मंगाए गए हैं। आवेदन सभी आवश्यक शैक्षणिक दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, राजकिशोर नगर में जमा कर सकते हैं।

### प्री एमसीसी प्रवेश परीक्षा 7 मई को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने प्री एमसीए प्रवेश परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है। परीक्षा 7 मई को सुबह 10 बजे से 1.15 बजे तक होगी। प्रवेश परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया खत्म हो गई है। परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थियों को 24 मार्च तक व्यापम के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना था।

# दो पेट्रोल पंपों से केरोसीन देने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमेरिका-इजराईल व ईरान के बीच चल रहे युद्द के दौरान सरकार की ओर से एक महत्वपूर्ण खबर मिल रही है। एलपीजी गैस की उपलब्धता के अलावा सरकार द्वारा घरों एवं दुकानों का चूल्हा आसानी से जलाने के उद्देश्य से पेट्रोल पंपों में केरोसीन की भी बिक्री करने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि यह व्यवस्था न तो स्थायी तौर पर हमेशा के लिए रहेगी, और न ही सारे पेट्रोल पंपों में रहेगी। शहर के दो चुनिंदा पेट्रोल पंपों के माध्यम से केरोसीन का वितरण किया जाएगा, जिसका चयन जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा।

शहर के पेट्रोल पंपों में आने वाले समय में अगर केरोसीन के लिए भी लोगों की लाईन नजर आ जाए तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एलपीजी एवं पेट्रोलियम पदार्थों की उपलब्धता में थोड़ी परेशानी बढ़ने के बाद सरकार पेट्रोल पंपों में भी केरोसीन की बिक्री करने पर विचार कर रही है। पेट्रोल पंपों में केरोसीन की बिक्री रसोई में लगने वाले ईंधर के विकल्प के रूप में की जानी है। सरकार द्वारा पेट्रोल पंपों से केरोसीन की बिक्री स्थायी रूप से की जानी है या यह कुछ समय के लिए एक वैकल्पिक व्यवस्था होगी इस संबंध में स्थिति स्पष्ट नहीं है। शहर के दो पेट्रोल पंपों से केरोसीन की बिकी प्रस्तावित है। केरोसीन बेचने वाले वे दो पेट्रोल पंप कौन-कौन से होंगे इसका चयन जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा।




- रसोई गैस के विकल्प के रूप में सरकार द्वारा लिया जा रहा निर्णय
- किन पेट्रोल पंपों में होगा वितरण जिला प्रशासन तय करेगा

दो दशक पहले नगर निगम के द्वारा अपने छोटे-छोटे टैंकरों के माध्यम से वार्डों में केरोसीन की बिक्री कराई जाती थी, ताकि रसोई बनाने के लिए स्टोव जलाने वाले शहरवासियों को केरोसीन की दिक्कत न हो। हालांकि एलपीजी गैस सिलेंडरों की सहज उपलब्धता ने स्टोव्ह की उपयोगिता को कम कर दिया था, जिससे केरोसीन की बिक्री ही अब बंद हो गई है। अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हालात बिगड़ने के बाद केरोसीन की बिक्री को लेकर फिर से विचार किया जाने लगा है।

### जिला प्रशासन करेगा चयन

शहर के दो पेट्रोल पंपों से केरोसीन का वितरण भी किया जा सकता है। वे दो पेट्रोल पंप कौन-कौन से होंगे इसका चयन जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा।

**- हेमप्रकाश साहू**
नोडल अधिकारी, आईओसीएल



### लंबे समय बाद एकाएक सिलेंडर लेने वालों ने बिगाड़ा माहौल

एलपीजी के ऐसे ग्राहक जिन्होंने विगत लंबे समय से गैस सिलेंडर की रिफिलिंग नहीं कराई है, वे भी गैस सिलेंडर लेने के लिए गैस एजेंसियों में लाईन लंबी करने में जुट गए। हालत यह हुई कि लंबी कतारों को देखकर एलपीजी इस्तेमाल करने वाले लगभग सारे उपभोक्ताओं में गैस सिलेंडरों की भारी कमी वाली बात घर कर गई। हालत यहां तक थी कि जिला प्रशासन को इस संबंध में स्पटीकरण देना पड़ गया।

पत्रकारवार्ता के दौरान दी उपलब्धता की जानकारी

# गैस, पेट्रोल-डीजल की कालाबाजारी करने वालों पर दर्ज होगी एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### कलेक्टर बोले- स्टॉक भरपूर, कोई कमी नहीं

कलेक्टर ने एलएपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल की जिले में कोई कमी नहीं होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि जिले में इसके पर्याप्त स्टॉक हैं। कुछ लोगों के द्वारा स्टॉक कम होने एवं शार्टेज की अफवाह फैलाई जा रही है, ताकि ब्लैक में इनकी बिक्री की जा सके। उन्होंने कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सीधे एफआईआर दर्ज कराने की बात कही।

कलेक्टोरेट परिसर स्थित मंथन सभाकक्ष में पेट्रोल-डीजल एवं एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर जानकारी साझा करने कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि जिले में न तो पेट्रोल व डीजल की कोई कमी है और न ही एलपीजी गैस सिलेंडरों की। जिन लोगों ने बीते दस-दस महीनों से गैस की रिफिलिंग नहीं कराई है, वे भी गैस के लिए लाईन लगाकर खड़े हो गए हैं और सिलेंडर की आपूर्ति में परेशानी होने व कमी की अफवाह फैला रहे हैं। श्री अग्रवाल ने कहा कि ऐसे उपभोक्ताओं का चिंन्हांकन करने एवं अफवाहों पर नियंत्रण के लिए गैस कंपनियों द्वारा बगैर ई-केवायसी अपडेट किए सिलेंडर नहीं देने की व्यवस्था बनाई है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पेट्रोल व डीजल के लिए भी वाहनचालकों से अपनी रोजमर्रा की जरूरतों के अनुरूप ही पेट्रोलियम पदार्थ की खरीदी करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पेट्रोल व डीजल को अतिरिक्त बड़ी मात्रा में खरीदकर इसका संचय न किया जाए। पेट्रोल, डीजल या एलपीजी गैस की कालाबाजारी करने वालों को उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया है कि इस मामले में कालाबाजारियों के खिलाफ सीधे एपआईआर दर्ज की जाएगी।

## बिजली विभाग के मेंटनेंस की खुली पोल

# बिजली सप्लाई ठप, रात 9 बजे तक कई इलाकों में नहीं पहुंच सकी बिजली


सोमवार को आंधी से मातृशिशु अस्पताल के पास बिजली के तार पर गिरा पेड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम का मिजाज बदलते ही 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा ने बिजली विभाग की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। करीब 1 घंटे तक शहर में पूरी तरह से ब्लैक आउट रहा, लेकिन सप्लाई शुरू होने के बाद भी दर्जन भर इलाके रात 9 बजे तक अंधेरे में डूबे रहे। इस दौरान फ्यूज कॉल सेंटरों के आपरेटरों ने बिजली उपभोक्ताओं का फोन उठाना जरूरी नहीं समझा, जिसके चलते उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

सोमवार की शाम आई हल्की सी आंधी ने बिजली विभाग की व्यवस्थाओं को चौपट कर दिया। तिफरा क्षेत्र में लाइन ब्रेक डाउन होने की वजह से शाम 4 बजे से बंद बिजली 9 बजे तक बहाल नहीं हो सकी। यही हाल सकरी क्षेत्र का भी रहा, जहां दोपहर से बंद बिजली को सुधारने में बिजली विभाग के कर्मचारियों को साढ़े 4 घंटे का समय लग गया। जहां आउटर क्षेत्रों में बिजली बंद रही, वहीं शहर के भीतर पुराना बसस्टैंड में पेड़ गिरने के कारण 11 व एलटी लाइनों के तार टूट गए। इस दौरान पूरे इलाके की बिजली 3 घंटे तक बंद रही, वहीं मेग्नेटो माल के पास बिजली के तारों में फ्लैस गिर गया, विद्या नगर, करबला रोड, डीपूपारा, व्यापार विहार, करबला, मसानगंज, मंगला, सरकंडा, अशोक नगर, बहतराई, तिफरा जैसे इलाकों में बिजली सप्लाई ठप रही। इस दौरान रात 9 बजे तक बिजली कर्मचारी फील्ड में डटे रहे, पर कुछ इलाकों में बार-बार ट्रिपिंग होने के कारण उपभोक्ताओं को देर रात तक हलाकान होना पड़ा। बताया जा रहा है कि फ्यूज कॉल सेंटरों में बैठे आपरेटरों ने उपभोक्ताओं का फोन उठाना भी जरूरी नहीं समझा, जिसके बाद अधिकारियों को बिजली बंद की सूचना देने के लिए उपभोक्ताओं को मुसीबतों का सामना करना पड़ा।

- घनघनाते रहे फ्यूज कॉल, अधिकारियों ने नहीं उठाया फोन



### सामान्य हो गई थी स्थिति

एक साथ कई जगहों पर फाल्ट आया है, पेड़ गिरने के कारण बिजली व्यवस्था ठप रही है। हमारी टीम काम करती रही है, फिर भी ज्यादातर जगहों पर रात 8 बजे तक स्थिति सामान्य हो गई थी।

**- एके अम्बस्ट**
सीई, विद्युत विभाग

## दिन में जलाती रही धूप, शाम को बारिश होने से बढ़ी उमस


सोमवार को सुबह से शाम तक मौसम में लगातार उतार चढ़ाव होने से लोगों की परेशानी बढ़ी रही। आसमान पर बादल भी छाए रहे और पारा 40.4 डिग्री पहुंचने से सड़कों पर चलने वालों को धूप जलाने लगी, दोपहर को तेज हवा के साथ बारिश होने लगी, कुछ देर की बारिश के बाद उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया।

गर्मी अपने तीखे तेवर दिखा रही है। सोमवार की सुबह 10 बजे से ही आसमान से अंगारे बरसने लगे, लेकिन जैसे ही पारा 40 के पार पहुंचा, आसमान पर काले घने बादल छा गए, इससे धूप की तेजी और अधिक बढ़ गई, घरों से बाहर निकलने वालों को धूप जलाने लगी, दोपहर दो बजे के आसपास सड़कों पर ट्रैफिक कम हो गया। शाम चार बजे के आसपास 30 से 40 किमी की रफ्तार से हवा चलने लगी। कुछ ही देर में बूंदाबांदी होने लगी 20 मिनट की बारिश के बाद मौसम सामान्य होने लगा, वहीं तेज गर्मी के बीच बारिश होने से उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। उमस से राहत पाने के लिए लोग एसी की ठंडक ढूंढने लगे।

### विभाग ने जारी की चेतावनी

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि लोकल सिस्टम बनने के कारण हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। साथ ही करीब 30 से 4 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है।

### जिला अस्पताल में छाया अंधेरा



बताया जा रहा है कि पुराना बसस्टैंड के पास पेड़ गिरने की वजह से जिला अस्पताल में अंधेरा छा गया। इस दौरान अस्पताल का जनरेटर भी डीजल की कमी के चलते चालू नहीं हो सका, जिसके चलते लोगों को अंधेरे में रहने के लिए मजबूर होना पड़ा, खास बात यह है कि शाम 7 बजे ओपीडी में पहुंचे मरीजों को देखने के लिए डाक्टरों को मोबाइल की रोशनी का सहारा लेना पड़ा।



दिल्ली से ट्रेन में आए थे चूजें

# जांच में नहीं मिला बर्ड-फ्लू का संक्रमण

**बिलासपुर।** दिल्ली से ट्रेन में बड़ी मात्रा में बिलासपुर स्टेशन पहुंचे चूजों ने रविवार को हड़कंप मचा दिया था। रेल्वे प्रशासन द्वारा इस संबंध में जिला प्रशासन को भेजे गए पत्र के बाद पशुपालन विभाग द्वारा चूजों में बर्ड-फ्लू के संक्रमण की पतासाजी की गई। इस दौरान चूजों में किसी भी तरह का संक्रमण नहीं होना पाया गया।

रेलवे मंडल वाणिज्य प्रबंधक के अनुसार, दिल्ली से गाड़ी क्रमांक 12442 राजधानी एक्सप्रेस के माध्यम से रविवार 29 मार्च को कुल 17 डिब्बों में चूजे बिलासपुर लाए गए थे, जिन्हें यहां से आकाश नायक द्वारा प्राप्त कर जिला रायगढ़ भेजा गया था। प्रशासन द्वारा संबंधित व्यक्ति से फोन पर चर्चा में यह स्पष्ट हुआ कि चूजों को सुरक्षित रूप से रायगढ़ ले जाया गया तथा उनमें किसी भी प्रकार के संक्रामक रोग के लक्षण नहीं पाए गए। प्रशासन ने रेलवे अधिकारियों से चर्चा कर भविष्य में इस प्रकार की खेपों की पूर्व सूचना संबंधित विभाग को देने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि सतर्कता और निगरानी बेहतर ढंग से सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें।

- प्रशासन ने दिया स्पष्टीकरण


ज्ञात हो कि जिले के शासकीय कुक्कुट फार्म कोनी में 24 मार्च को बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद प्रशासन पूरी तरह सतर्कता बरत रहा है। इसके मद्देनजर एहतियात के तौर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में मुर्गी एवं उससे संबंधित सामग्री की लगातार जांच की जा रही है। यह कार्रवाई विभाग की रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा की जा रही है।

रिसार्ट में चीतल का मांस पकाने का मामला

# छह आरोपियों को नहीं मिली जमानत

**बिलासपुर।** रिसार्ट कुरदर में चीतल का मांस पकाने एवं काटने के मामले में गिरफ्तार किए गए 6 आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बिलासपुर के समक्ष पेश किया गया। विभाग की ओर से गंभीर आपत्ति के साथ विद्वान लोक अभियोजक दाऊ चंद्रवंशी द्वारा आपत्ति प्रस्तुत किया गया। जिस पर सुनवाई उपरांत उक्त 6 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है।

वनमण्डल अधिकारी बिलासपुर नीरज के निर्देशानुसार एवं उपवनमंडल अनिल भास्करन के मार्गदर्शन में तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी बेलगहना देव सिंह मरावी के नेतृत्व में 27 मार्च को मुखबिर की सूचना पर वन विभाग वन परिक्षेत्र बेलगहना के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा 1 नग नर चीतल के मांस को ईको जोहार रिसार्ट कुरदर में पकाने एवं काटने वाले 6 आरोपियों के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण 27 मार्च 2026 दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया था। इन आरोपियों को 28 मार्च को न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बिलासपुर में प्रस्तुत किया गया, जहां से उक्त आरोपियों को 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में सेंट्रल जेल दाखिल किया गया। जिसकी प्रथम जमानत याचिका पर सुनवाई 30 मार्च को केश डायरीमय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बिलासपुर के समक्ष पेश की गई। इसमें विभाग की ओर से गंभीर आपत्ति के साथ विद्वान लोक अभियोजक दाऊ चंद्रवंशी द्वारा आपत्ति प्रस्तुत की। सुनवाई उपरांत उक्त 6 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है।


रिसार्ट में चीतल का मांस पकाने वाले जेल भेजे गए
हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हरिभूमि में 29 मार्च प्रकाशित खबर।


## शहर के दो प्रमुख केंद्रों महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल और कन्या सरकंडा स्कूल में मूल्यांकन जारी

# अभी तक 10 विषयों की 30 हजार कापियां नहीं जचीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षा 2026 की कॉपियों का मूल्यांकन अंतिम चरणों में है। 7 अप्रैल तक हर हाल में इसे पूरा करना है लेकिन अभी तक 30 हजार के करीब कापियों की जांच बाकी है। हालांकि दावा है कि समय पर काम पूरा कर लिया जाएगा। शहर के दो प्रमुख केंद्रों महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल और कन्या सरकंडा स्कूल में शिक्षक कॉपियां जांच रहे हैं।

बोर्ड के मुताबिक अप्रैल के अंत तक परिणाम जारी करने के लक्ष्य के साथ, सबसे पहले 12वीं की कॉपियों को प्राथमिकता दी जा रही है। मूल्यांकन केंद्रों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह प्रक्रिया पूरी की जा रही है। महारानी लक्ष्मी बाई केन्द्र में दूसरे चरण की कापियों की जांच तेजी से जारी है।मूल्यांकन प्रभारी ने बताया कि दूसरे चरण में 12 वीं की कक्षा की 22 हजार 325 कापियों की जांच पूरी हो गई है तो 8471 कापियां बचीं हैं।इसमें से 14 विषयों का मूल्यांकन पूरा हो गया है तो 10 विषयों का बचा है। इसी तरह 10 वीं की 51 हजार 535 कापियां जांच ली गईं हैं तो 8765 आंसरशीट बची है। 10 वीं की 7 विषयों की कापियां जंच चुकी हैं तो 9 विषयो की जारी है।



### इन विषयों की कापियां बाकी

बिलासपुर में 12 वीं में राजनीति शास्त्र, विज्ञान, भूगोल, इतिहास के साथ ही व्यावसायिक परीक्षा की कापियां अभी तक नहीं जांची गई हैं।इसी तरह 10 वीं में संस्कृत, सामाजिक विज्ञान और व्यावसायिक परीक्षा की कापियों की जांच जारी है। ध्यान रहे कि 10वीं और 12वीं बोर्ड की परीक्षाओं के लिए इस बार कुल 131 परीक्षा केंद्रों बनाए गए थे।

### 400 से अधिक शिक्षक जांच रहे कापियां

अधिकारियों ने बताया कि 10वीं और 12वीं बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 400 से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके लिए अनुभवी शिक्षकों को भी शामिल किया गया है ताकि मूल्यांकन प्रक्रिया समय पर और सुचारु रूप से पूरी की जा सके। एमएलबी में 171 शिक्षक तो कन्या सरकंडा में 183 शिक्षक कापियों की जांच में लगे हैं। कुछ शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना में भी लगाई गई है।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 31 मार्च 2026
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



कार्यक्रम

## प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता व रंगकर्मी राजेंद्र गुप्ता 2 अप्रैल को नगर में

**बिलासपुर।** देश के प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता और रंगकर्मी राजेंद्र गुप्ता यहाँ आ रहे हैं। यहाँ दो अप्रैल को कवि धूमिल की रचना "पटकथा" का नाट्य मंचन करेंगे। यह कार्यक्रम सीएमडी चौक स्थित आईएमए भवन में होगा। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और आधारशिला के सहयोग से प्रगतिशील लेखक संघ और इप्टा की



बिलासपुर इकाई द्वारा आयोजित नाट्य शो दो अप्रैल को संध्या सात बजे होगा। माचिस,लगान तलवार जैसी प्रसिद्ध फ़िल्मों के साथ ही चंद्रकांता, चिड़ियाघर, बालिका वधू, लागी तुमसे लगन जैसे लोकप्रिय टी वी धारावाहिकों में अपने अभिनय से अलग ही पहचान बना चुके राजेंद्र गुप्ता का यह एकल नाट्य मंचन भी अत्यंत विख्यात है। इसके निर्देशक आर एस विकल हैं और संगीत निर्देशक आदित्य शर्मा हैं । श्री गुप्ता के साथ ये भी आ रहे हैं। साहित्य के प्रति अनुराग के रखने वाले राजेंद्र गुप्ता का कविता से गहरा लगाव है। आईएमए भवन में हो रहे इस कार्यक्रम में नगर के नाट्य और साहित्य प्रेमी प्रबुद्ध जनों से उपस्थिति रहेगी। बैठक में डॉ आरके सक्सेना, हबीब ख़ान, अरुण दाभड़कर, डॉ सत्यभामा अवस्थी, रफीक ख़ान, नरेश अग्रवाल, सचिन शर्मा, नथमल शर्मा आदि उपस्थित थे ।

आयोजन

## व्यापारियों का जीएसटी, इनकम टैक्स, एकाउंट पर सेमिनार



**बिलासपुर।** कैट एवं सीए एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में मार्च माह में होने वाली फाइनेंशियल क्लोजिंग के समय जीएसटी, इनकम टैक्स, एकाउंट में किन किन बातो का ध्यान में रखा जाए, जिससे भविष्य में कोई प्रॉब्लम न हो उसकी जानकारी के लिए कैट एवं सीए एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में सभी व्यापारी वर्ग के लिए शैक्षणिक सेमिनार आईसीए भवन व्यापार विहार में आयोजित किया गया। स्वागत उद्बोधन कैट अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह ने दिया व कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी ने कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स का संक्षिप्त परिचय दिया तदुपरांत सेमिनार का आरंभ हुआ। सीए कपिल सचदेव ने कहा कि जैसे हम अपनी हेल्थ का ध्यान रखते है वैसे ही हमे अपने अकाउंट्स टैक्स और जीएसटी इनकम टैक्स का ध्यान रखना चाहिए। चेयरमैन सीए मंगलेश पांडे, सचिव सीए उदय चौरसिया, सीए मनीष सखुजा, कैट राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी,कैट बिलासपुर जिला अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल सहित सभी व्यापारी सदस्यों ने भाग लिया।

वेकैंसी

## कॉन्स्टेबल ट्रेड्समैन के पदों पर रजिस्ट्रेशन शुरू, 827 पदों पर भर्ती

**बिलासपुर।** सशस्त्र सीमा बल की ओर से कॉन्स्टेबल (ट्रेडसमैन) के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 21 मार्च से शुरू हो गई है। जो उम्मीदवार एसएसबी में बतौर कॉन्स्टेबल




(ट्रेडसमैन) के पदों पर नौकरी करना चाहते हैं, उन उम्मीदवारों के लिए यह एक सुनहरा मौका है। इस भर्ती अभियान के तहत कुल 827 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। कॉन्स्टेबल (ट्रेडसमैन) के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अलावा, उम्मीदवारों की पदानुसार अधिकतम आयु 23, 25 और 27 वर्ष निर्धारित की गई है। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा दसवीं या बारहवीं उत्तीर्ण किया हो। इसके अलावा, उम्मीदवारों के पास अन्य निर्धारित पात्रताएं भी होनी चाहिए।

# महावीर जयंती पर शोभायात्रा व सांस्कृतिक कार्यक्रम

भगवान महावीर स्वामी का 2625वां जन्मकल्याणक महोत्सव सोमवार को सरकंडा से क्रांति नगर तक शोभायात्रा निकाली गई, इसमें महावीर जीवन से सम्बंधित कई जीवंत झांकी सहित समाज के लोग बड़ी संख्या मौजूद थे। बिलासपुर के इतिहास में प्रथम बार आचार्य विराग सागर महाराज पट्टाचार्य, आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि 108 सुयश सागर महाराज एवं मुनि 108 कौशल्य सागर महाराज के सानिध्य में मनाया जाएगा।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुजराती जैन टिकरापारा में सुबह 6 बजे प्रभात फेरी एवं बाइक रैली निकाली गई। दो दिवसीय विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसमें सोमवार को सभी मंदिर एवं भवन में नवकार मंत्र का जाप संपन्न हुआ।

भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव को बड़े ही धूमधाम से सकल जैन समाज मना रहा है। सुबह मंदिर में विशेष पूजा फिर शोभायात्रा एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों चौक -चौराहा में भंडारा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सकल जैन समाज के पुरुष, महिला एवं बच्चो ने भाग लिया।

इस अवसर पर सवई सिंघई श्रीमंत सेठ प्रमोद जैन, विनोद जैन, सनत जैन, महेंद्र जैन, वीर कुमार जैन, विमल चोपड़ा, चंद्र प्रकाश बोथरा, सुरेंद्र मालू, विशाल जैन, इंदरचंद बैद, कमल जैन, पंकज पंचायती, नरेंद्र मेहता, सुभाष श्रीश्रीमाल, राजेश जैन सहित बडी संख्या मे सकल जैन समाज के लोग उपस्थित थे।




### वन्देमातरम मित्र मंडल ने स्वागत किया

महावीर जन्म कल्याणक पर निकली शोभायात्रा का पुष्प से स्वागत एवं ठंडे पदार्थ का वितरण वंदे मातरम मित्र मंडल के सदस्यों के द्वारा बस स्टैंड चौक में किया गया । स्थानकवासी जैन संघ टिकरापारा में प्रभात फेरी, श्री दशा श्रीमाली स्थानकवासी जैन संघ टिकरापारा के द्वारा महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें प्रातः काल 6:30 बजे प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें समाज के सभी श्रावक श्राविका एवं बालक बालिकायों ने बढ़-चढ़कर हर्षोल्लास के साथ भगवान महावीर स्वामी के जय जयकार करते हुए टिकरापारा जैन भवन से मन्नू चौक, दयालबंद, जगमाल चौक होते हुए पुनः जैन भवन में आकर प्रभात फेरी संपन्न हुई।

### श्वेतांबर समाज में विशेष पूजा एवं जुलूस आज

जैन श्वेतांबर संघ के अध्यक्ष सुभाष श्रीश्रीमाल ने बताया कि प्रातः 9.45 से 10.30 बजे तक मंगलवार को भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक के शुभ अवसर पर बाजे-गाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला जाएगा। यह शोभायात्रा विमल चोपड़ा के निवास से प्रारंभ होकर जैन कैंपस स्मार्ट रोड तक पहुंचेगा। इसके पहले नेहरू नगर स्थित मंदिर में स्नात्र पूजा किया जाएगा।






### सरकंडा से क्रांति नगर मंदिर तक शोभायात्रा

जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक के पहेले दिन तीनों मंदिर जी में प्रातः 6:30 बजे से मंगलाष्टक, अभिषेक एवं शांति धारा एवं पूजन की गई। जैन मंदिर सरकंडा से देवकीनंदन चौक, गोल बाजार, तेलीपारा, पुराना बस स्टैंड, सीएमडी चौक, विद्यानगर होते हुए क्रांति नगर जैन मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में सभी महिलाएं केसरिया एवं पीली ड्रेस साड़ी एवं पुरुष सफेद कुर्ता पजामा धारण किए थे।

## छंदशाला के सप्तम स्थापना दिवस पर विमोचन

छंदशाला की स्थापना के सातवें वर्षगांठ समारोह का आयोजनम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अमर अग्रवाल उपस्थित रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता निराला ने की।

### काव्य कुंभ में 51 कवियों ने लगाई डुबकी



**बिलासपुर।** कार्यक्रम का शुभारंभ अमिषा तिवारी के सरस्वती वंदना और स्वागत गान से हुआ। फिर स्वागत उद्बोधन मार्गदर्शक ओमप्रकाश भट्ट ने दिया। इसके बाद पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम हुआ जिसमें डॉ दीन दयाल यादव की कृति "जंगल में जगराता", व्ही. व्ही. रमणा की "तुम सिर्फ मेरी हो" तथा सुमन कस्तूरे की "गुलदस्ता" का विधिवत विमोचन माननीय अतिथियों द्वारा हुआ। समारोह में साहित्यिक संस्था "कविता चौराहे पर मुंगेली एवं "अहीर नृत्य कला परिषद का सम्मान भी किया गया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गई।

छंदशाला परिवार में सिर्फ प्रदेश ही नहीं वरन देश और विदेश से भी ख्यातिप्राप्त साहित्यकार जुड़े हुए हैं। पीलीभीत उ.प्र.से रामअवतार शर्मा , उमेशचंद्र शर्मा मप्र, सुषमा पाठक चंडीगढ़,डॉ सुनीता मिश्रा ने बैंगलोर और रिषभ मिश्रा ने आस्ट्रेलिया से छंदशाला के स्थापना दिवस समारोह पर अपनी काव्यमय शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। बिलासपुर के नजदीकी क्षेत्रों जैसे मुंगेली,रतनपुर,सीपत, रायगढ़, नवागढ़, मेऊ, शिवरीनारायण से भी पधारे कवियों ने अपनी सशक्त एवं भावपूर्ण कविताओं का पाठ किया। राम, कृष्ण, माता-पिता एवं देशभक्ति जैसे विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों ने उपस्थित श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

इस अवसर पर छंद शाला के विशेष सहयोगी अवधेश अग्रवाल, डी. डी.यादव, गजानंद पात्रे, ललिता यादव,उषा तिवारी, नीतेश पाटकर, रेणु बजापेयी, शैलेन्द्र गुप्ता, डॉ महेश पांडे, डॉ दुबे, आनंद पांडेय, मनीषा भट्ट, बालमुकुंद श्रीवास उपस्थित रहे।

## कला व संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के प्रति छत्तीसगढ़ सरकार गंभीर

**बिलासपुर।** भारतीय भक्ति संगीत जगत के ख्यातिप्राप्त गायक पद्मश्री भारती बंधु ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार कला और कलाकारों के संरक्षण एवं प्रोत्साहन के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के संस्कृति विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक महोत्सव कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए सशक्त मंच प्रदान कर रहे हैं, जिससे लोक कला एवं परंपराओं को नई ऊर्जा मिल रही है। पद्मश्री भारती बंधु जिला प्रशासन के आमंत्रण पर मल्हार महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देने बिलासपुर पहुंचे थे। पद्मश्री भारती बंधु ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में कला और संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार के लिए सार्थक पहल की जा रही है। इन प्रयासों के कारण प्रदेश के कलाकारों में उत्साह का वातावरण बना है और युवा पीढ़ी भी पारंपरिक कला विधाओं और संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित हो रही है। छत्तीसगढ़ भवन में चर्चा के दौरान उन्होंने मल्हार महोत्सव के पुनः भव्य और जीवंत स्वरूप में आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल कलाकारों को मंच मिलता है, बल्कि स्थानीय संस्कृति को भी व्यापक पहचान मिलती है। उन्होंने इस गरिमामयी आयोजन के लिए मुख्यमंत्री और आमंत्रण के लिए



जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। भजन गायकी की अपनी विशिष्ट और पारंपरिक शैली पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि वे इस विधा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनके द्वारा अब तक 10 हजार से अधिक युवाओं को भजन गायन का प्रशिक्षण दिया जा चुका है,जो इस परंपरा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रख्यात भजन गायक भारती बंधु को भारत सरकार द्वारा चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। भारती बंधु ने देश-विदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व कर देश का मान बढ़ाया है।

### सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम

उनकी प्रस्तुतियां न केवल आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करती हैं, बल्कि श्रोताओं के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का भी संचार करती हैं। पद्मश्री भारती बंधु ने यह भी बताया कि उन्होंने देशभर की अनेक जेलों में बंदियों के समक्ष भजन प्रस्तुतियां दी हैं, और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में बंदियों के लिए कार्यक्रम किए हैं, जिनका प्रभाव बंदियों पर बेहद सकारात्मक रहा है। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बंदियों के जीवन में आत्मचिंतन, सुधार और नई दिशा की चेतना उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि कला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, संस्कारों को सहेजने और सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है और छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में इसके संरक्षण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयास सराहनीय है।

स्पोर्ट्स न्यूज

## 5 खिलाड़ी करेंगी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व

**बिलासपुर।** डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय, कोटा की प्रतिभाशाली छात्राओं ने एक बार फिर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। छत्तीसगढ़ के पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के महिला कबड्डी वर्ग में राज्य की ओर से विश्वविद्यालय की 5 खिलाड़ियों—कैलशिया, तारा, सनम नेताम, टाकेश्वरी एवं लवली—का चयन हुआ है। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि सनम नेताम का चयन एथलेटिक्स में भी हुआ है, जो उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है।

ये सभी खिलाड़ी पहले भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी हैं और लगातार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। उनके चयन की खबर मिलते ही पूरे विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह और खुशी का माहौल है।

विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के कोटा स्थित आदिवासी अंचल में



आदिवासी क्षेत्र में प्रतिभाओं को गढ़ रहा डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय

स्थापित है, जहां स्थानीय एवं जनजातीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर की आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। यही कारण है कि यहां के विद्यार्थी खेल के क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। आदिवासी बहुल इस क्षेत्र में विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सशक्तिकरण का भी सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष पहल की जा रही है। विश्वविद्यालय द्वारा छात्रवृत्ति, मार्गदर्शन, विशेष प्रशिक्षण एवं कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। यहां अध्ययनरत अनेक विद्यार्थी ऐसे परिवारों से आते हैं जहां उच्च शिक्षा तक पहुंच पहले सीमित थी, किंतु विश्वविद्यालय ने उन्हें न केवल शिक्षा का अवसर दिया बल्कि आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित की है। खेल, शिक्षा और व्यक्तित्व विकास के समन्वित वातावरण में विद्यार्थी राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना रहे हैं।

### खेल और शिक्षा में प्रोत्साहित कर रहे

विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें उचित प्रशिक्षण देने के लिए नियमित रूप से शिविर, प्रतियोगिताएं एवं विशेषज्ञ मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जाते हैं। आधुनिक खेल मैदान, प्रशिक्षित कोच एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता के कारण यहां के खिलाड़ी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। बेटियों को खेल और शिक्षा दोनों क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसका परिणाम आज इन खिलाड़ियों के चयन के रूप में सामने आया है।

### विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय

इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, "हमारी छात्राओं ने अपने कठिन परिश्रम और अनुशासन से यह मुकाम हासिल किया है। हमें विश्वास है कि वे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगी।"कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने भी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा, "विश्वविद्यालय खेल प्रतिभाओं के समग्र विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। यह चयन न केवल खिलाड़ियों के लिए बल्कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।



## राष्ट्रीय तीरंदाजी में नीतिश का चयन

राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए नीतिश रत्नेश का चयन किया गया है। महान धनुर्धर गुरु गोविंद सिंह की याद में 15वीं मिनी राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में 15 जिले से 150 तीरंदाज शामिल हुए जिसमें कंपाउंड तीरंदाजी में नीतीश रत्नेश सफेद खदान देवरीखुर्द द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान गोल्ड मेडल प्राप्त कर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। जिसका चयन राष्ट्रीय तीरंदाजी 3 अप्रैल को आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में खेला जाएगा।

## क्रिकेट संघ बिलासपुर का मेंस अंडर-23 ट्रॉयल 1 को

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेंस अंडर 23 ट्रॉयल का आयोजन किया जा रहा है ।



जिसके लिए क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा 1 अप्रैल बुधवार को सुबह 9 बजे मेंस अंडर 23 का ट्रायल लिया जा रहा है। जो की आधारशीला विद्या मंदिर स्कूल कोनी में कराया जाएगा । जिसके लिए ट्रायल देने वाले सभी खिलाड़ी अपना ओरिजिनल डॉक्यूमेंट जैसे अंतिम 6 साल के मार्कशीट ,पीवीसी आधार कार्ड, डिजिटल बर्थ सर्टिफिकेट और एक पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है और साथ ही ट्रायल और रजिस्ट्रेशन फीस 300 रूपये देने होंगे। इस वर्ष जो ट्रायल लिया जा रहा है वह 2026-27 सत्र के लिए लिया जाएगा जिसके लिए मेंस अंडर 23 के लिए इस वर्ष कट ऑफ डेट निर्धारीत किया गया है जो कि 1 सितंबर 2003 से 31 अगस्त 2007 तक रखा गया है।

ट्रॉयल के पश्चात मेंस अंडर 23 स्टेट ट्रायल के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जो की 3 अप्रैल को रायपुर में लिया जायेगा। ट्रायल लाल ड्यूज बॉल्स से लिया जाएगा और सभी खिलाड़ी सफ़ेद वेश भूषा में ट्रायल देंगे।

यह सभी जानकारी क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव देवेंद्र सिंह द्वारा दिया गया।

## खबर संक्षेप

### शराब पीकर सड़क पर गाड़ी खड़ी की, जब्त

**बिलासपुर।** शराब पीकर गाड़ी चला रहे युवक ने कार सड़क पर खड़ी कर दी, पुलिस ने उसे पकड़कर गाड़ी जब्त कर ली है। युवक के खिलाफ शराब पीकर गाड़ी चलाने की कार्रवाई की गई है। तारबाहर टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, 30 मार्च को सुबह 3.30 बजे पेट्रोलिंग पार्टी क्षेत्र में भम्रण कर रही थी। इसी दौरान एफसीआई चौक के पास आई 20 क्रमांक सीजी 31 ए, 9100 में चालक मिनोचा कालोनी निवासी जैद अहमद पिता जुबैर अहमद 26 साल नशे में सड़क में कार खड़ी कर बदहवाश हालत में मिला। पेट्रोलिंग पार्टी कार सहित युवक को थाने ले गई। मुलाहिजा कराने पर जैद अहमद के शराब पीने की पुष्टि हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ शराब पीकर गाड़ी चलाने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई कर कार जब्त कर लिया है।

### बार के गेट पर युवक के साथ मारपीट

**बिलासपुर।** जन्मदिन की पार्टी के दौरान बार में नाचने के दौरान धक्का लगने से गेट पर युवक के साथ जमकर मारपीट कर दी गई है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स निवासी आर्यन कश्यप पिता विमल कश्यप 28 मार्च की रात 10 बजे अपने दोस्त हिमांशु वर्मा का जन्मदिन मनाने सैकी उभारे, अनिश गुप्ता, राहुल गुप्ता के साथ श्रीकांत वर्मा चौक एक बार में गए थे। नाचने के दौरान उन्हें लड़कों ने धक्का दिया। उन्होंने आराम से नाचने को कहा तो उन लोगों ने सारी कहा। 12.30 बजे बार बंद होने पर आर्यन दोस्तों के साथ पार्किंग में गाड़ी लेने जा रहे थे। गेट के पास शिवा राव अन्य युवकों ने उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की है। पुलिस ने आर्यन की रिपोर्ट पर हमलावर शिवा राव व अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मामूली विवाद में युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** मामूल में एक युवक के गले में चाकू से हमला कर दिया गया है। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रतनपुर श्रीपारा निवासी अजय ध्रुव पिता स्व. इतवार सिंह ध्रुव, राहुल सिदार, रोहित ध्रुवे के साथ शादी में शामिल होने घासीपुर गए थे। वापस लौटते समय लखनीदेवी के पास बाइक सवार चार युवको ने उन्हें कट मारा। अजय ध्रुव ने मना किया तो युवकों ने उनके साथ मारपीट करते हुए गले में चाकू से हमला कर दिया है। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रतनपुर थाना प्रभारी अंशिका जैन ने बताया, चाकू से हमला की कोई रिपोर्ट थाने में नहीं आई है।

### बाइक अनियंत्रित होने से युवक की गिरकर मौत

**बिलासपुर।** तेज रफ्तार बाइक चलाने पर अनियंत्रित होने से पीछे बैठा युवक गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बिल्हा टीआई अवनीश पासवान ने बताया, 29 मार्च को भोथीडीह निवासी दिलहरण कैवर्त्य अपने जीजा शिवप्रसाद के साथ बाइक में काम से बिल्हा आया था। वापस जाते समय दगौरी पानी टंकी के पास बाइक अनियंत्रित हो गया, जिससे पीछे बैठा दिलहरण कैवर्त्य गिर गया, सिर में गंभीर चोट आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने चालक शिव प्रसाद निषाद के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**सब गोलमाल है ...** क्षेत्र के ओहदेदार के बेटे को बचाने का चल रहा खेल

# ट्रैक्टर ट्राली से गिरकर युवक की मौत, सीपत पुलिस ने जांच में मृतक को बता दिया चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

6 दिन पहले सीपत क्षेत्र के डगनिया खारून नदी से अवैध रेत परिवहन के दौरान घाट में ट्रैक्टर के चालक के द्वारा तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने पर ट्राली में सवार एक युवक गिर गया और चक्के की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सीपत पुलिस ने जांच के बाद मर्ग इंटीमेशन में मृतक को ही चालक बताकर जांच शुरू कर दी। बताया जाता है चालक क्षेत्र के ओहदेदार का बेटा है, इसलिए पुलिस पर उसे बचाने के आरोप लग रहे हैं।

24 मार्च 2026 को सीपत क्षेत्र के ग्राम डगनिया खैरा निवासी महेन्द्र कुमार कश्यप पिता हरप्रसाद कश्यप 32 साल




अवैध रेत परिवहन के दौरान घाट पर इसी ट्रैक्टर से गिरा था मृतक।

ट्रैक्टर चालक के साथ डगनिया खैरा खारून नदी में अवैध रेत लेने गया था। गाड़ी में रेत भरने के बाद वह पीछे ट्राली में रेत पर बैठ गया था। चालक के द्वारा रेत घाट में तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाने से महेन्द्र कश्यप उछल कर नीचे गया और चक्का उसके ऊपर से चल जाने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। 25 मार्च को सीपत थाने के एएसआई भारत सिंह मरकाम के द्वारा मर्ग इंटीमेशन लिया गया। जिसमें ट्राली में सवार मृतक को चालक बता दिया गया है। मर्ग इंटीमेशन के अनुसार, मृतक महेन्द्र कुमार कश्यप प्रशांत पटेल के ट्रैक्टर को चलाते हुए खारून नदी झापबाड़ी घाट गया था।

रेत भरने के बाद महेन्द्र कश्यप इंजन में बैठकर गाड़ी चला रहा था। शाम 5 बजे महेन्द्र कश्यप अचानक तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाने लगा जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होने से वह ड्राइवर सीट से नीचे गिर गया और चक्के में दबकर उसकी मौत हो गई।

### मामले को दबाने का प्रयास

बताया जाता है ट्रैक्टर को क्षेत्र के ओहदेदार का बेटा चला रहा था। हादसे के बाद क्षेत्र में हड़कंच मच गया और रातों रात ओहदेदार के बेटे को बचाने की रणनीति बनाई गई, ट्राली में सवार मृतक को चालक बताकर इंजन से गिरकर मृत्यु होना बताकर मामले को रफादफा करने की कोशिश की जाने लगी।

### अवैध रेत परिवहन पर भी कार्रवाई नहीं

खारून नदी से अवैध रूप से रेत परिवहन करने के दौरान रेत घाट में हादसा हुआ और युवक की जान चली गई। 6 दिन बीत जाने के बाद भी ट्रैक्टर मालिक व चालक के खिलाफ अवैध रेत परिवहन करने की कार्रवाई नहीं की गई है, जबकि पूर्व में कोटा, सिविल लाइन, कोनी में अवैध रूप से रेत परिवहन करते पकड़े जाने पर ट्रैक्टर मालिक व चालक के खिलाफ बीएनएस की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

### मामले की जांच की जा रही है

परिजन के बयान के आधार पर मर्ग इंटीमेशन में मृतक को चालक बनाया गया है। जानकारी मिली है कि ट्रैक्टर दूसरा व्यक्ति चला रहा था। मामले की जांच जारी है जांच में जो भी चालक पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

**-राजेश मिश्रा,** सीपत टीआई

वार्ड क्रमांक 58 खमतराई में दिन भर होता रहा हंगामा

# 50 एकड़ में अवैध प्लाटिंग, 60 मकान भी बन गए, 8 साल बाद अब जागा निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले 8 सालों से निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 58 खमतराई में 50 एकड़ में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। इसी अवैध कालोनी में 60 से अधिक मकान भी बना लिए गए हैं तो 20 के करीब निर्माणाधीन हैं। 100 से अधिक प्लाट बेचने की तैयारी भी थी। लगातार शिकायतों के बाद नगर निगम की नींद खुली और सोमवार को कार्रवाई की गई। 18 निर्माणाधीन मकानों पर बुलडोजर चलाया गया तो 80 के करीब बाउंड्री तोड़ी गई। इस दौरान जमीन दलाल रामफल यादव के साथ ही मकान बनाने वालों ने जमकर हंगामा मचाया। बुलडोजर को रोका गया तो निगम कर्मियों से हुज्जतबाजी की गई। एक घंटे तक कार्रवाई रोकनी भी पड़ी। बाद में पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई पूरी की गई।

- **18 निर्माणाधीन मकानों पर बुलडोजर चला, 80 बाउंड्री तोड़ी गई**

वार्ड क्रमांक 58 खमतराई में रामफल यादव द्वारा खसरा क्रमांक 313/1 में सालों पिछले 8 सालों से अवैध प्लाटिंग की जा रही थी।किसानों से एग्रीमेंट करते हुए 50 एकड़ जमीन पर प्लाट काटकर बिक्री की जा रही थी। निगम और प्रशासन ने लेकिन कभी ध्यान नहीं दिया और ना ही कोई कार्रवाई की। इसी कारण रामफल यादव के हौसले बुलंद होते चले गए और अवैध प्लाटिंग जारी रही। 150 से अधिक प्लाट बिक गए तो निगम को होश आया और सोमवार को टीम मौके पर पहुंची।



खमतराई के अवैध कालोनी पर कार्रवाई करता नगर निगम का अमला।

### लोगों ने किया हंगामा, हमारी क्या गलती



मौके पर पहुंचे निगम के अधिकारियों के होश ही उड़ गए जब मौके पर बने 60 से अधिक मकानों को देखा।पूरी अवैध कालानी बस गई थी और 20 के करीब मकान और बनाए जा रहे थे। इसके अलावा 100 से अधिक प्लाट भी काटे गए थे।निगम ने सभी प्लाटों के लिए बनाई गई बाउंड्री को तोड़ दिया। इसके साथ ही निर्माणाधीन मकानों पर बुलडोजर चलाई गई तो वहां के लोग विरोध करने लगे। लोगों का कहना था कि हमने पूरे पैसे देकर जमीन खरीदी है और मकान बना रहे हैं।इसमें उनकी क्या गलती है। बिल्डर पर कार्रवाई होनी चाहिए। निगम ने अवैध प्लाटिंग पर बने मकान को अवैध बताते हुए मकानों को तोड़ दिया हालांकि जो मकान पूरी तरह बन गए थे और जिनमें लोग रहने लगे थे उन्हें नहीं तोड़ा गया।

### तीन बार कार्रवाई फिर भी खरीदी बिक्री जारी

निगम इंजीनियर जुगल सिंह के मुताबिक रामफल यादव द्वारा की जा रही इस अवैध प्लांटिग पर तीन बार पहले भी कार्रवाई हुई।हर बार लेकिन खरीदी बिक्री नहीं रोकी गई। अब निगम कड़ी कार्रवाई की बात कह रहा है। हालांकि अवैध प्लाटिंग करने वालों के हौंसले इतने बुलंद हो गए हैं कि उन्हें अब किसी की परवाह नहीं है। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने बताया कि अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। निगम के अतिरिक्त निगम के बाहर राजस्व और टीएनसीपी के एरिया में भी अवैध प्लाटिंग की शिकायतें हैं।

### गोंड़पारा में बाउंड्रीवाल तोड़ने पर जमकर हंगामा

सोमवार को ही निगम की टीम गोंड़पारा पहुंची। यहां जाजू सोनी ने निगम से शिकायत की थी कि गोवर्धन श्रीवास्तव ने अवैध बाउंड्री बना ली है जिसके कारण सड़क संकरी हो गई है। निगम की टीम पहुंची तो दोनों पक्षों से 20-25 लोग मौके पर पहुंच गए। श्रीवास्तव पक्ष की ओर से कहा गया कि बाउंड्री 25 साल पुरानी है। इस दौरान दोनों पक्ष भिड़ गए और जमकर विवाद हुआ। एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप होते रहे। निगम टीम बिना किसी कार्रवाई के लौट आई।

## नाइट लैंडिंग में अड़ंगा




# रन वे घटने के कारण परिचालन में होगी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करोड़ों रूपए फूंकने के बाद भी बिलासा एयरपोर्ट से नाइट लैंडिंग और रात्रिकालीन हवाई सुविधा मिलना मुश्किल है। सरकारें भले ही इसका दावा करे, लेकिन हकीकत यही है कि रनवे की लंबाई कम होने के बाद अलायंस एयर के पायलटों ने फ्लाइट उठाना को लेकर असहमति जताई है।

- **अलाइंस एयर के पायलटों ने जताई असहमति**

हवाई सुविधा संघर्ष समिति के सदस्यों का कहना है कि बिलासा एयरपोर्ट में रनवे की लंबाई आईएफआर के लिए 1490 मीटर की बजाय 1450 मीटर कर है। ऐसे में आगे के हिस्से में विमान का लैंडिंग और टेक ऑफ स्वीकृत नहीं है। इस स्थिति के कारण अलाइंस एयर के पायलट 1450 मी रनवे को पर्याप्त न बताते हुए फ्लाइट को संचालन में असमर्थता जता रहे हैं। समिति के सदस्यों ने कहा कि किसी भी एयरपोर्ट पर लैंडिंग और टेकऑफ के लिए विमान के तकनीकी क्षमता के हिसाब से एक नक्शा डीजीसीए के द्वारा अप्रूव किया जाता है। अलाइंस एयर ने जिस नक्शे को अप्रूव कराया है, उसमें रनवे की लंबाई 1490 मीटर तक उपयोग करनी है लेकिन परंतु नाइट लैंडिंग के नक्शे में 1450 मीटर के उपयोग की शर्त के कारण अलाइंस एयर द्वारा रात्रिकालीन फ्लाइट नहीं चलाई जा सकेगी। समिति ने कहा कि कई तरीके से छलावा करते हुए सरकारें हवाई सुविधा में बाधा उत्पन्न कर रही हैं। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने रविवार को मुख्यमंत्री बिलासा एयरपोर्ट से नाइट लैंडिंग सुविधा के शुभारंभ पर तंज कसा है। एयरपोर्ट पर अबतक सारे कार्यक्रम वृहद स्तर पर और आम जनता को आमंत्रित होने पर किया गया है, जबकि रविवार को किए गए नाइट लैंडिंग का शुभारंभ अचानक और बिना पूर्व सूचना के किया गया है। समिति ने कहा कि एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग सुविधा की शुरूआत यात्री विमान के लैंडिंग और टेक ऑफ से किया जाता है, ना ही मुख्यमंत्री के वीआईपी विमान। दरअसल वीआईपी विमान के लिए 1 हजार मीटर के रनवे पर ही टेकऑफ किया जा सकता है।


### कम हो गई रनवे की लंबाई

रनवे के अंतिम छोर पर रनवे एंड सिक्योरिटी एरिया यानी रेसा होता है। बिलासा एयरपोर्ट में यह रेसा दक्षिण दिशा की ओर है। डीजीसीए ने नाइट लैंडिंग की अनुमति सिर्फ दक्षिण दिशा से दी है। इस दिशा में रेसा होने के बावजूद उत्तर की ओर भी नया रेसा बनाया गया है। लेकिन तकनीकी कारणों 1490 मी रनवे में से 50 मी रनवे पर अब लैंडिंग और टेक ऑफ नहीं किया जा सकता है। अलाइंस एयर का रनवे डायग्राम 1490 मीटर है वह बेकार हो गया है। दिन के समय लैंडिंग की जा रही है। रनवे लंबाई कम होने के कारण में यात्रियों की संख्या घटकर 52 कर दी है लेकिन नाइट लैंडिंग नहीं की जा सकती है। समिति ने कहा कि राज्य सरकार को नाइट लैंडिंग सुविधा की शुरूआत करने से पहले विसंगति को दूर किया जाना था।

# तीन युवक ड्राइवर-मालिक से मारपीट कर मोबाइल पर्स लूटकर भागे

## जान बूझकर पिकअप से टकराए बाइक सवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जान बूझकर पिकअप से टकराकर बाइक सवार तीन युवक गिर गए, उसके बाद गाड़ी मालिक व ड्राइवर से मारपीट कर पर्स व मोबाइल लूटकर भाग गए। पुलिस ने हमलावर युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, तखतपुर टिकरीपारा निवासी विरेन्द्र सिंह ठाकुर पिता गणेश सिंह ने रिपोर्ट लिखाई। वह अपने ससुर की पिकअप को स्वयं चलवा रहा है। 30 मार्च को सुबह 4 बजे घर से पिकअप में सब्जी लेकर सब्जी मंडी बेचने जा रहा था, गाड़ी दउआ पोर्ते चला रहा था। 4.40 बजे जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास उनकी पिकअप के आगे चल रहे बाइक क्रमांक सीजी 10 बीटी, 9277 में सवार तीन लड़कों ने रोड क्रास करने के लिए हाथ से इशारा किया, जिससे ड्राइवर ने गाड़ी धीरे कर ली, उसके बाद बाइक सवार युवक मुड़े नहीं और सीधे आगे जाने लगे। बाइक पिकअप से टकराकर तीनों युवक गिर गए। उसके बाद वे ड्राइवर के साथ गाली गलौज कर मारने के लिए दौड़ाने लगे। श्री सिंह ने बीच बचाव किया तो युवकों ने उनके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल व पर्स लूट लिया। दूसरे पिकअप के ड्राइवर मुकेश ध्रुव ने बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट कर युवक भाग गए। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बाइक सवार तीन युवकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### क्षेत्र में नशेड़ी सक्रिय

उसलापुर ओवरब्रिज से लेकर सकरी के बीच नशेड़ी युवक सक्रिय हैं, ये युवक दिन दहाड़े चार पहिया वाहनों से एक्सीडेंट के बहाने व विवाद कर अवैध वसूली करते हैं। रकम नहीं मिलने पर वाहन सवारों के साथ मारपीट कर लूटपाट की जा रही है। नशेड़ी युवकों की हरकतो से क्षेत्र में आवागमन करने वाले वाहन सवार लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में दिन में भी पुलिस नजर नहीं आती है। लोगों से मारपीट करने वाले ये युवक उसलापुर और उसके आसपास रहने वाले हैं।

# नदी में डुबाकर 5 साल की बच्ची की हत्या, सौतेले पिता को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला न्यायालय ने 5 साल की बच्ची की नदी में डुबाकर हत्या करने वाले सौतेले पिता को उम्रकैद की सजा सुनाई है।



25 अगस्त 2022 को मस्तूरी कछार निवासी राधिका ने रिपोर्ट लिखाई। वह सुबह 10 बजे अपने पति मन्नू एवं बेटा सोमनाथ के साथ काम करने चले गया था। घर में उसकी 5 वर्षीय बेटी पायल लहरे थी। शाम 5 बजे वह काम से वापस घर आई तो उसकी बेटी घर में नहीं थी। उसके पति ने बताया, दोपहर 1 बजे वह घर आया था तब पायल घर में थी, खाना खिलाकर वह वापस काम पर चला गया था। उसने मोहल्ले व आसपास में तलाश की। नहीं मिलने पर थाने में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस धारा 363 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। जांच के दौरान लापता पायल की लाश कर्रा एनीकट में मिली। पुलिस ने राधिका के पति मन्नू को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने बताया पायल उसकी सौतेली बेटी थी, इसलिए वह उससे नफरत करता था। घटना के दिन वह दोपहर में घर आया और पायल को नहाने के बहाने नदी में लेकर गया और पानी में डुबाकर उसकी हत्या कर दी। उसके बाद उसके कपड़े झाड़ियों में छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपी मन्नू को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश किरण त्रिपाठी ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद धारा 302 में आरोपी सौतेले पिता मन्नू बंजारे पिता राजेन्द्र बंजारे 32 साल को आजीवन कारावास व 1 हजार रुपए अर्थदण्ड पटाने की सजा सुनाई गई है। शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक देवेन्द्र राव सोमावार ने पैरवी की है।

### समाज की स्थापना के लिए कर्तव्य का पालन करें

**बिलासपुर।** शासकीय बिलासा कन्या बिलासपुर के समाजशास्त्र विभाग द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षाविद् डॉ. शची सप्रे मुख्य वक्ता ने बताया कि सामाजिक जीवन में सफलता के दो प्रमुख सूत्र हैं-प्रथम, निरंतर परिश्रम के बिना सफलता संभव नहीं है, और द्वितीय, सकारात्मक सोच ही व्यक्ति को समाज में सशक्त एवं सफल बनाती है। उन्होंने आगे सामाजिक आदर्शों, नैतिक मूल्यों एवं नियमों के पालन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि एक आदर्श समाज का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करे। उनके प्रेरक उद्बोधन से छात्राएं अत्यंत लाभान्वित हुईं और उन्होंने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग में नं. 1 **आवश्यक सूचना**

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# गोदाम में सेंधमारी कर चोरी करने घुसे युवक को मालिक ने पकड़ा

**बिलासपुर।** बीती रात गोदाम में सेंधमारी कर चोरी करने घुसे युवक को मालिक ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी।

तोरवा पुलिस के अनुसार, हेमूनगर निवासी राकेश कुमार रायकेश सिंधी धर्मशाला के बगल में ट्रेड सेंटर ग्लोबल इंडिया पाइप दुकान चलाते हैं। 29 मार्च की रात 10.50 बजे उन्होंने गोदाम के पीछे दीवार में आवाज सुनी। उन्होंने रिश्तेदार व परिचितों को बुलाकर गोदाम में जाकर देखे तो दीवार में छेद बना हुआ था। अंदर खोजबीन करने पर तखत के नीचे छिपा हुआ बरखदान निवासी संजय निषाद पिता झड़ीराम निषाद 23 साल मिला। कड़ाई बरतने पर उसने गोदाम में चोरी करने के लिए घुसना स्वीकार कर लिया।



इसी दीवार से होकर गोदाम में घुसा था आरोपी।

श्री रायकेश ने युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 305 ए, 331, 4 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। श्री रायकेश ने बताया, पूर्व में भी उनके गोदाम से कई बार लाखों के सामान चोरी हो चुकी है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




07 मई, 21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

**नेपाल विदेश यात्रा**

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

## मनोनयन

### सजल बने शहर कांग्रेस के महामंत्री



**मुंगेली।** जिला मुख्यालय में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से नई नियुक्तियों की घोषणा की गई है। इसी क्रम में सक्रिय युवा चेहरा सजल यादव को शहर कांग्रेस कमेटी का महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह है।

### सिंह विधि प्रकोष्ठ के कोषाध्यक्ष



**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी ने अपनी प्रदेश कार्यकारिणों का विस्तार करते हुए राणाप्रताप सिंह को विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस घोषणा के बाद से भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों राणा प्रताप सिंह को बधाई दी। राणाप्रताप सिंह का भारतीय जनता पार्टी में कई दशकों से पार्टी के विभिन महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

### दूसरी बार उपाध्यक्ष बने अभिलाष



**मुंगेली।** जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली की नई कार्यकारिणी घोषित की गई। जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन से सूची जारी की। उनके नेतृत्व में संगठन में संतुलन और सक्रियता देखने को मिल रही है। नई टीम में अभिलाष सिंह को लगातार दूसरी बार उपाध्यक्ष बनाया गया है।

### कांग्रेस उपाध्यक्ष बने आनंद



**मुंगेली।** शहर कांग्रेस कमेटी की मजबूती और आगामी संगठनात्मक कार्यों को गति देने के लिए कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। इसी कड़ी में आनंद सोनी को शहर कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

### ठाकुर महामंत्री नियुक्त



**मुंगेली।** आगामी विधानसभा चुनावों की आहट के बीच शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी में जग्गू शरद ठाकुर को शहर कांग्रेस कमेटी का महामंत्री नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। जग्गू शरद ठाकुर पहले इंटक के शहर अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं।

### कार्यकारिणी में शामिल हुए वैभव



**मुंगेली।** शहर कांग्रेस कमेटी में वैभव ताम्रकार को लगातार चौथी बार शहर सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। तीन अध्यक्षों का साथ और वैभव का कार्यकाल रहा। उनकी कार्यकुशलता के चलते चौथी बार पुनः नई कार्यकारिणी में उन्हें स्थान मिला है।

### शिवम सचिव नियुक्त



**मुंगेली।** जिला मुख्यालय में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई नई नियुक्तियों के तहत शिवम साहू को शहर कांग्रेस कमेटी का सचिव बनाया गया है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार शिवम साहू लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए हैं।

### वंदन योजना ई-केवाईसी प्रक्रिया को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम



**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से जनपद सभाकक्ष में सीएससी सेंटर ऑपरेटर्स एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित ऑपरेटर्स और पर्यवेक्षकों को ई-केवाईसी की चरणबद्ध प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन, तकनीकी सावधानियों तथा हितग्राहियों को त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजूला शर्मा ने बताया कि, योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सटीक डेटा एंट्री, दस्तावेजों की सही जांच और समयसीमा का पालन अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योजना के क्रियान्वयन में गति और पारदर्शिता लाना तथा जिले के अधिकतम पात्र हितग्राहियों तक योजना का लाभ सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने, शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करने और हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से प्रशिक्षण में 10 वर्ष पुराने आधार कार्ड के अनिवार्य अपडेट, आधार में मोबाइल नंबर जोड़ने, संशोधित कराने तथा मोबाइल नंबर गुम या बंद होने की स्थिति में पुनः अपडेट की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से बताया गया। साथ ही संभावित समस्याओं के समाधान और फील्ड स्तर पर आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर भी विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की गई। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी राजेंद्र गेंदले, मास्टर ट्रेनर दीपेश परिहार, एनआईसी विभाग के अधिकारी–कर्मचारी, सीएससी ऑपरेटर तथा पर्यवेक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मल्हार महोत्सव का समापन, तोखन हुए शामिल

# सीएम की पहल पर फिर शुरू मल्हार महोत्सव का सिलसिला रुकेगा नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार

ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी मल्हार में आयोजित मल्हार महोत्सव का समापन रविवार को श्रद्धा, उत्साह और परंपरा के संगम के साथ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां डिंडेश्वरी माता की छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर की गई, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई।

मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने अपने संबोधन में मल्हार की ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पवित्र क्षेत्र माता जगदम्बा भवानी माँ डिडनेश्वरी की कृपा पात्र है, और समृद्ध सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक धरोहरों के लिए प्रसिद्ध भी प्रारम्भ काल से रहा है। उन्होंने कहा कि माता की कृपा क्षेत्रवासियों पर अपार है इसलिए यह पूरा क्षेत्र समृद्ध है। उन्होंने कहा कि मल्हार महोत्सव मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर ही फिर से शुरू हुआ है और यह सिलसिला रुकने वाला नहीं है प्रति वर्ष इसी तरह भव्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कई वर्षों के अंतराल में हो रहे मल्हार महोत्सव की अद्भुत छटा इन दो दिनों में देखने की मिली जिसमे क्षेत्रवासियों को छतीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक कलाकारों को करीब से देखने व सुनने का मौका मिला।



**इन कलाकारों ने प्रस्तुति.:** ...लोककला दल बेलतरा द्वारा डंडा नृत्य, कनक साहू ने अपने गायन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं युवराज सिंह लोहिया के समूह ने शानदार देकर लोगो का मन मोह लिया। जिसके बाद पद्मश्री भारती बंधु की पार्टी ने एक से बढ़कर एक धार्मिक गीतों व भजनों माहौल को भक्तिमय बना दिया जिसको लोगो ने खूब सराहा। आयोजन के अंतिम में छत्तीसगढ़ की सुपर स्टार गायक नितिन दुबे की स्टार नाइट ने देर रात तक हजारो की संख्या में मौजूद लोगो को अपने अनोखे अंदाज में गीत से खूब झुमाया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। लोकगीत, लोकनृत्य एवं रंगारंग प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों को अतिथियों द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई।

दो दिवसीय महोत्सव के समापन के अवसर पर रविवार को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गायक नितिन दुबे के गीतों ने लोगो को बार बार झूमने मजबूर कर वही पद्मश्री भारती बंधु के भजनों से पूरा क्षेत्र राममय हो गया इसके अलावा अन्य कलाकारों ने भी अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मेला ग्राउंड में आयोजित उत्सव में अंतिम दिन शाम 6 बजे से लेकर रात 2 बजे तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां हुईं। कार्यक्रमों की श्रृंखला में लोक एवं शास्त्रीय कला का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### कला और संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के प्रति छत्तीसगढ़ सरकार गंभीरः भारती बंधु

**मल्हार।** भारतीय भक्ति संगीत जगत के ख्यातिलब्ध गायक पद्मश्री भारती बंधु ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार कला और कलाकारों के संरक्षण एवं प्रोत्साहन के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के संस्कृति विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक महोत्सव कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए सशक्त मंच प्रदान कर रहे हैं, जिससे लोक कला एवं परंपराओं को नई ऊर्जा मिल रही है। पद्मश्री भारती बंधु जिला प्रशासन के आमंत्रण पर मल्हार महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देने बिलासपुर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में कला और संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार के लिए सार्थक पहल की जा रही है। इन प्रयासों के कारण प्रदेश के कलाकारों में उत्साह का वातावरण बना है और युवा पीढ़ी भी पारंपरिक कला विधाओं और संस्कृति से जुड़ने के लिए प्रेरित हो रही है। चर्चा के दौरान उन्होंने मल्हार महोत्सव के पुनः भव्य और जीवंत स्वरूप में आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल कलाकारों को मंच मिलता है, बल्कि स्थानीय संस्कृति को भी व्यापक पहचान मिलती है। उन्होंने मल्हार महोत्सव के गरिमामयी आयोजन के लिए मुख्यमंत्री और आमंत्रण के लिए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



## उद्यानिकी वानिकी महाविद्यालय भूमि चयन के विरोध में चक्काजाम

**मरवाही।** उद्यानकी महाविद्यालय की भूमि चयन के विरोध में सोमवार की सुबह से चक्काजाम एवं धरना प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन सुबह 10 बजे से शुरू हुआ जिसके समर्थन में क्षेत्र के व्यापारियों ने दुकानों को बंद करते हुए समर्थन दिया। एम्बुलेंस एवं मरीजो की गाड़ियों को छोड़कर बसों और भारी वाहनों की आवाजाही बंद थी।

प्रदर्शन स्थल पर पुलिस बल भारी मात्रा में तैनात था। दोपहर एक बजे तक एस डी एम मरवाही एवं प्रदर्शनकारियों के मध्य कई दौर की बात चीत धरनास्थल पर हुई जिसमें हल नहीं निकला पिपरडोल की भूमि का अग्रिम आधिपत्य तत्काल कर दिया जाए तब ही यह प्रदर्शन खत्म किया जायेगा इस बात पर आम जनता प्रदर्शनकारी अड़े थे जिसकी जानकारी एस डी एम देवेंद्र सिरमौर द्वारा मरवाही द्वारा उच्चाधिकारियों को दी गई जिसमें धरना स्थल से 4 प्रतिनिधि उनसे बात करने गए जिसमें घण्टों विमर्श हुआ जिसमें अधिकारियों द्वारा 1 सप्ताह का समय मांगा गया। पर प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन की बातों को नहीं माना और देर शाम 6 बजे तक धरना स्थल पर डटे रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों का दल मरवाही धरना स्थल पर आकर प्रदर्शकारियों के दल से आकर चर्चा की जिसमे ग्रामीणों ने मांग रखी कि पूरे मरवाही में शासकीय भूमि में कही न कही जंगल कला या जंगल खुर्द दस्तवेजों में लिखा है आने वाले समय में कोई भी बड़ा प्रोजेक्ट यहां नहीं बनेगा जबकि प्रसाशन ने कई स्थानों पर जंगल कला एवं जंगल खुर्द की जमीन का आबंटन किया है सिर्फ मरवाही में कोई बड़ा प्रोजेक्ट आता है तो उसमें सारे नियम कानून बताया जाता है जबकि छ ग भू राजस्व संहिता के अनुसार इन सभी क्लॉज का निदान कलेक्टर के माध्यम से किया जा सकता है जिस पर अधिकारियों ने कहा कि वे पुनः मरवाही एवं मरवाही के आस पास मुख्य मार्ग से लगी हुई भूमि की जांच कराएंगे एवं प्राइम लोकेशन पर भूमि खोजकर जानकारी ग्रामीणों को देंगे इसके लिये 15 दिवस का समय चाहिए होगा जिस पर 1 माह का समय ग्रामीणों ने दिया इस प्रकार अधिकारियों एवं ग्रामीणों के बीच सहमति बनी और हड़ताल 1 महीने के लिये स्थगित कर दी गई।

# पेयजल और खनिज मुद्दों पर गरमाया माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



- तखतपुर जनपद पंचायत की सामान्य सभा में उछला मुद्दा

जनपद पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आज दोपहर 12 बजे जनपद सभा कक्ष में जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्राकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को जोरदार तरीके से उठाया, जिसमें पेयजल संकट, बोर खनन और खनिज विभाग की कार्यप्रणाली प्रमुख मुद्दे रहे।

बैठक के दौरान सदस्य श्याम सिंह ध्रुव ने कहा कि गर्मी की शुरुआत के साथ ही ग्राम पंचायतों में पेयजल संकट गहराने लगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी और सरपंचों की मिलीभगत से कुछ पंचायतों में एक साथ कई बोर खनन स्वीकृत किए जा रहे हैं, जबकि अन्य पंचायतों में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। उन्होंने विशेष रूप से ग्राम पंचायत टिहुलाडीह में एक साथ पांच बोर स्वीकृत करने का विरोध करते हुए इसे निरस्त करने की मांग की और कहा कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो मामला उच्च अधिकारियों तक ले जाया जाएगा। जनपद सदस्य अरुण वस्त्राकर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पिछले एक वर्ष में कराए गए बोर खनन कार्यों का भौतिक सत्यापन कराने की मांग उठाई, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। वहीं, जनपद सदस्य गीता यादव ने खनिज समिति की बैठक नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि समिति की सभापति होने के बावजूद अब तक एक भी बैठक आयोजित नहीं की गई है और अधिकारी समय का अभाव बताकर जिम्मेदारी से बच रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अधिकारियों के पास समय नहीं है तो समिति को भंग करने के लिए उच्च अधिकारियों को प्रस्ताव भेजा जाएगा। बैठक में सदस्यों ने तखतपुर क्षेत्र के ग्राम बेलमुंडी, आमसेना, मुरू सहित आसपास के क्षेत्रों में संचालित कोल वाशरी से फैल रहे प्रदूषण का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने ग्रामीणों के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को देखते हुए इसकी जांच कराने की मांग की। इसके अलावा अन्य सदस्यों ने भी अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया और शीघ्र समाधान की मांग की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को जनसमस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए गए। बैठक के अंत में जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्राकर ने सभी मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई करने का आश्वासन दिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, सीमा श्रीवास, प्रमोद ठाकुर, सीईओं सत्यव्रत तिवारी, श्री जांगड़े, भारत मरकाम, मनहरण कौशिक, सावित्री मरकाम, लक्ष्मी देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## रजक धोबी समाज का वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह



**मुंगेली।** रजक धोबी समाज का वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह रजक धोबी समाज सामुदायिक भवन स्थल के पास संपन्न हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से सामाजिक पदाधिकारियों एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। साथ ही वार्षिक आय, व्यय एवं सामाजिक समस्याओं पर चर्चा पर परिचर्चा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रजक विकास बोर्ड प्रह्लाद रजक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, नगर पालिका के अध्यक्ष रोहित शुक्ला, वार्ड के पार्षद गौरी श्रवण सोनकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। साथ ही मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक धोबी भी उपस्थित रहे। जिसमें प्रमुख रूप से नगर पालिका के अध्यक्ष के द्वारा 100 नग कुर्सी एवं सामुदायिक भवन स्थल के लिए हर संभव प्रयास करने हेतु आश्वासन दिया गया। साथ ही मुंगेली में किसी एक स्थान पर गाडगे बाबा की चौक बनाने पर सहमति प्रदान किया। इसी तरह नगर पालिका के उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा के द्वारा भी 200 सौ नग कुर्सी देने की घोषणा किया गया। भाजपा के जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी के द्वारा स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले के द्वारा समाज को 10 लाख रुपए सामुदायिक भवन के लिए देने की घोषणा को सबके सामने घोषणा किया गया। जिसे रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष के द्वारा उसे बढ़ाकर 25 लाख करने पर सहमति प्रदान किया गया। साथ ही जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीकांत पांडे के द्वारा 5100 की सहयोग राशि घोषणा किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के निज सहायक तुलसी कौशिक भी उपस्थित रहे। इस मौके पर दिनेश कुमार निर्मलकर, दिलीप रजक, भागीराम निर्मलकर, टेकलाल निर्मलकर, अशोक निर्मलकर, शैलेंद्र निर्मलकर, संजय निर्मलकर, गजानंद निर्मलकर, मंतराम रजक गुरुजी, तिजऊराम निर्मलकर उपाध्यक्ष, परदेसी निर्मलकर, धनीराम निर्मलकर नवागढ़, त्रिलोचन रजक भाटापारा, शंकर सिंह रजक भाटापारा, बहल निर्मलकर, श्रीराम निर्मलकर, डॉक्टर कमल नारायण निर्मलकर, हुलेश्वर निर्मलकर, संतोष निर्मलकर लक्ष्मीनाथ निर्मलकर, फागूराम, दीपक रजक, खेदूराम, भरोसा निर्मलकर सहित अन्य मौजूद थे।

# गांव, गरीब और महिला सशक्तिकरण सरकार की पहली प्राथमिकता

**पथरिया।** विकासखंड पथरिया के ग्राम पंचायत लौदा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन कर आमजनों की समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक पुन्नूलाल मोहले, मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार ने छत्तीसगढ़ महतारी एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और संबंधित आवेदन भी प्राप्त किए गए।

इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, राज्य सरकार गांव, गरीब और आमजन के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने महतारी वंदन योजना, आवास योजना एवं धान खरीदी जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए ग्रामीणों से योजनाओ का लाभ लेने सजग होने की बात कही गई। साथ ही बिजली और पानी के दुरुपयोग से बचने का संदेश दिया। शिविर में मांग एवं शिकायत से जुड़े 460 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 75 से अधिक आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही का निर्देश दिया गया। इस दौरान हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया तथा 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया।



**जल संरक्षण के लिए करें उपायः कलेक्टरः** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि, बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा और जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि, गर्मी के मद्देनजर जिले की 177 ग्राम पंचायतों में पेयजल समस्या के समाधान हेतु कार्य योजना लागू की जा रही है। उन्होंने रेन वॉटर हार्वेस्टिंग अपनाने और हर बूंद पानी बचाने की अपील की। शिविर के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। अवैध शराब बिक्री की शिकायत पर भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि, यह वर्ष का पहला जनसमस्या निवारण शिविर है, जिसका उद्देश्य आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करना है। उन्होंने सभी आवेदनों के शत-प्रतिशत निराकरण का भरोसा दिलाया।

### हितग्राहियों को सामग्री वितरण

शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री वितरित की गई। शाकंभरी योजना के तहत 5 हितग्राहियों को विद्युत पंप, समाज कल्याण विभाग द्वारा 2 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र एवं बैसाखी, 6 स्व सहायता समूहों की महिलाओं को चेक राशि, मछली पालन विभाग द्वारा 1 हितग्राही को जाल व आइस बॉक्स तथा दिव्यांग स्कूली बच्चों को श्रवण यंत्र प्रदान कर लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों ने गर्मी में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्याऊ घर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जनपद अध्यक्ष चित्ररेखा मनीष जांगड़े, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा , लौदा मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी, सरपंच कविता आकाश बंजारे, टीकाराम वर्मा, एसडीएम रेखा चंद्रा, सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## बच्चों का आधार कार्ड बनाने एवं एमबीयू कंप्लीट करने लगा कैम्प

**लोरमी।** संकुल केंद्र डोंगरिया के अंतर्गत आने वाले सभी प्राथमिकशालाओं के बच्चों का एम बी यू कंप्लीट करने एवं जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर आधारकार्ड बनाने हेतु कैम्प का आयोजन प्राथमिक शाला बघनी भांवर मे किया गया । कैम्प में प्राथमिक शाला जमुनाही, बघनी भांवर , बघर्रा, कोसाबाड़ी, कंचन पुर,के बच्चों का एम बी यू कंप्लीट किया गया एवं जिन बच्चों का आधार कार्ड नहीं बना था उनका आधार कार्ड बनाया गया । इस अवसर पर शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल डोंगरिया के व्याख्याता रमा शंकर यादव , संकुल समन्वयक राजेश कुंभकार, प्राथमिक शाला जमुनाही के प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी, मनी रामपात्रे, काशी राम डडसेना, राम प्रसाद साहू, श्रीमति सुशीला बघेल सहित बडी संख्या में पालक गण उपस्थित थे। ज्ञात हो कि कलेक्टर के निर्देशन में जिन बच्चों का आधार कार्ड नहीं बना है ऐसे बच्चों का आधार कार्ड बनाने जिले के सभी ब्लाकों में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें जिन बच्चों का एम बी यू कंप्लीट नहीं हुआ है कैम्प में उनका एम बी यू कंप्लीट किया जा रहा है।

# पेंड्रा में रेल विकास की ऐतिहासिक छलांगः पेंड्रारोड-भाड़ी के बीच इंजन ट्रायल सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

- 24 किमी नए ट्रैक पर दौड़ा इंजन, ग्रामीणों में उत्साह
- दिसंबर 2026 तक पूरी लाइन शुरू होने की उम्मीद

जिले के रेल इतिहास में सोमवार का दिन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज हो गया। ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के अंतर्गत बहुप्रतीक्षित गेवरारोड–पेंड्रारोड नई रेल लाइन परियोजना में आज पेंड्रारोड से भाड़ी स्टेशन के बीच रेल इंजन का सफल ट्रायल किया गया। इस दौरान करीब 24 किलोमीटर लंबे नए ट्रैक पर इंजन की आवाजाही ने क्षेत्र में विकास की नई उम्मीदें जगा दीं। ट्रायल के दौरान जैसे ही इंजन ट्रैक पर दौड़ा, आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने पहुंचे। ग्रामीणों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कई लोगों ने मोबाइल कैमरों में इस पल को कैद किया, वहीं बच्चों और युवाओं में विशेष उत्सुकता नजर आई। इस महत्वपूर्ण परीक्षण के दौरान रेलवे विभाग और इरकॉन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों की देखरेख में ट्रैक की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों, सिग्नलिंग व्यवस्था और तकनीकी पहलुओं का बारीकी से परीक्षण किया गया। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार ट्रायल सफल रहा और ट्रैक सभी आवश्यक मानकों पर खरा उतरा।



### दिसंबर 2026 तक पूर्ण होने की उम्मीद

रेलवे प्रशासन और निर्माण एजेंसी के अनुसार वर्तमान कार्य प्रगति को देखते हुए दिसंबर 2026 तक पूरी रेल लाइन का निर्माण कार्य पूरा होने की संभावना है। इसके साथ ही वर्ष 2026 के अंत तक इस मार्ग पर नियमित रेल परिचालन शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### आर्थिक विकास को मिलेगी रफ्तार

इस रेल लाइन के शुरू होने से न केवल यात्रियों को नई ट्रेनों की सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र के व्यापार, उद्योग और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। विशेष रूप से खनिज और औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े परिवहन में तेजी आने से जिले की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह परियोजना आने वाले समय में पूरे क्षेत्र के विकास का आधार बनेगी।

### जंक्शन बनने की दिशा में बढ़ा कदम

यह रेल परियोजना पेंड्रारोड स्टेशन को भविष्य में एक प्रमुख जंक्शन के रूप में विकसित करने की दिशा में अहम मानी जा रही है। नई रेल लाइन के शुरू होने से पेंड्रारोड का संपर्क कोरबा, गेवरारोड और अन्य महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्रों से और अधिक मजबूत होगा।

### दूरी घटेगी, सफर होगा आसान

परियोजना के पूर्ण होने के बाद कोरबा और गेवरारोड के बीच की दूरी में उल्लेखनीय कमी आएगी। इससे यात्रियों को तेज, सुलभ और सुविधाजनक यात्रा का लाभ मिलेगा। साथ ही माल परिवहन भी आसान होगा, जिससे स्थानीय व्यापारियों और उद्योगों को सीधा फायदा पहुंचेगा।

### पहले भी हो चुका है सफल ट्रायल

उल्लेखनीय है कि इससे पहले गेवरारोड से कटघोरा के बीच लगभग 12 किलोमीटर के ट्रैक पर भी सफल ट्रायल किया जा चुका है। लगातार सफल परीक्षण इस परियोजना की तेज प्रगति को दर्शाते हैं।